website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 85 | पेज: 8 | जयपुर, शुक्रवार, 06 मार्च 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## ईरान युद्ध के बीच पीएम मोदी का बड़ा संदेश:

# 'सिर्फ सैन्य टकराव से नहीं, संवाद और कूटनीति से ही निकलेगा हल'

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और बढ़ते तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय समस्या का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं हो सकता। भारत कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास करता है। दरअसल, अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले को 100 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है। इस बीच वैश्विक राजनीति में तेजी से घटनाक्रम बदल रहे हैं। ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में अलेक्जेंडर स्टब से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति के रास्ते में विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा, "सिर्फ सैन्य टकराव से किसी भी समस्या का समाधान संभव नहीं है, चाहे वह यूक्रेन का मुद्दा हो या फिर पश्चिम एशिया का।" प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि मौजूदा समय में दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष जारी है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक अस्थिरता का माहौल है। ऐसे समय में भारत



और यूरोप के बीच संबंध एक नए और स्वर्णिम दौर में प्रवेश कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक संस्थाओं में तत्काल सुधार की आवश्यकता है ताकि बदलते विश्व परिदृश्य के अनुरूप प्रभावी निर्णय लिए जा सकें। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के बाद ईरान में भारी तबाही की खबरें सामने आई हैं। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत की भी खबरें आई हैं, जिसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है। ईरानी बल अब इजरायल और अमेरिका के पश्चिम एशिया में मौजूद सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में लगातार धमाकों और हमलों का सिलसिला जारी है। बताया जा रहा है कि इस युद्ध में अब तक 1000 से अधिक लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है, जबकि हजारों लोग घायल हुए हैं। लगातार हो रहे हमलों के कारण पूरे पश्चिम एशिया में असुरक्षा और तनाव का माहौल बन गया है। इसी बीच ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए अमेरिकी नौसेना ने हिंद महासागर में कार्रवाई करते हुए ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को निशाना बनाया। यह युद्धपोत भारत से लौट रहा था, तभी उस पर टॉरपीडो हमला किया गया, जिसके बाद जहाज समुद्र में डूब गया। बचाव अभियान के दौरान श्रीलंकाई नौसेना ने करीब 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन लगभग 100 से अधिक ईरानी सैनिक और कर्मी समुद्र में लापता बताए जा रहे हैं। पश्चिम एशिया में तेजी से बिगड़ते हालात को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता बढ़ गई है और दुनिया भर के देश इस संघर्ष को रोकने के लिए कूटनीतिक समाधान की अपील कर रहे हैं।

## ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण फंसे नागरिकों को बचाने के लिए अभियान शुरू - सीएम फडणवीस

मुंबई । ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते संघर्ष के मद्देनजर महाराष्ट्र सरकार ने खाड़ी क्षेत्र में फंसे भारतीय पर्यटकों और पेशेवरों की सहायता और उन्हें निकालने के लिए एक उच्च प्राथमिकता वाला अभियान शुरू किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने घोषणा की कि राज्य अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन को बचाव कार्यों की निगरानी और तत्काल राहत प्रदान करने का आधिकारिक दायित्व सौंपा गया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि एक समर्पित सहायता प्रणाली, राजनयिक समन्वय और सामुदायिक लामबंदी की गई है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सहायता प्रदान करने के लिए एक व्हाट्सएप हेल्पलाइन स्थापित की गई है। मंत्री गिरीश महाजन फंसे हुए लोगों से वीडियो कॉल के माध्यम से सीधे संपर्क में हैं और उनकी स्थिति का जायजा ले रहे हैं। राज्य सरकार विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावासों के साथ सहयोग कर रही है। नागरिकों को सुरक्षा उपायों के संबंध में मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी की गई हैं। खाड़ी देशों में स्थानीय 'मराठी मंडलों' और अन्य भारतीय सामुदायिक संगठनों को भोजन और आश्रय सहित जमीनी स्तर पर सहायता प्रदान करने के लिए सक्रिय किया गया है। मुख्यमंत्री ने कुवैत में उन विशिष्ट मुद्दों पर बात की, जहां पारगमन यात्रियों को वीजा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अस्थायी आवास और आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि हालांकि कुछ हवाई क्षेत्र अभी भी बंद हैं, लेकिन एयर इंडिया और अन्य वाणिज्यिक एयरलाइंस ने सुरक्षा की दृष्टि से अनुकूल परिस्थितियों में धीरे-धीरे परिचालन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपने लोगों की सुरक्षित वापसी को प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि कुछ हवाई क्षेत्र फिलहाल असुरक्षित हैं, लेकिन मार्ग खुलते ही हम परिवहन की व्यवस्था कर रहे हैं। हमारे प्रोटोकॉल प्रमुख भी प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए दूतावासों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



## राजनीति में बड़ा बदलाव

# नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन, अमित शाह रहे मौजूद

पटना। 10 बार बिहार के सीएम पद की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार ने गुरुवार (5 मार्च) को राज्यसभा चुनाव 2026 के लिए नामांकन कर दिया। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित एनडीए के सीनियर नेता मौजूद रहे। पिछले साल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद 27 फरवरी को नीतीश कुमार ने 10वीं बार सीएम पद की शपथ ली थी। उनके राज्यसभा जाने के फैसले ने सभी को चौंका दिया। नीतीश कुमार वर्ष 2005 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। इससे पहले नीतीश ने कहा कि राज्य में नए मुख्यमंत्री और राज्य की नयी सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, 'दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन जताया है। उसी विश्वास की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके भरोसे और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की एक नयी पहचान प्रस्तुत कर रहा है।' कुमार ने राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी इच्छा रही है कि वह बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों के भी सदस्य बनें।



### नामांकन से पहले क्या बोले नीतीश कुमार?

उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, 'इसी आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए मैं इस बार होने वाले चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा रखता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं पूरी ईमानदारी के साथ आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपसे मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अडिग रहेगा। राज्य में बनने वाली नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।' वर्ष 2025 के विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को भारी जीत दिलाने के बाद कुमार के पद छोड़ने से अब भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के किसी नेता के मुख्यमंत्री बनने की संभावना है। यदि ऐसा होता है तो बिहार को पहली बार बीजेपी का मुख्यमंत्री मिलेगा। हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही अब तक ऐसा राज्य रहा है जहां बीजेपी का मुख्यमंत्री नहीं रहा है। बिहार से राज्यसभा की पांच सीट के लिए 16 मार्च को चुनाव होना है और बृहस्पतिवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। राज्य विधानसभा में मौजूदा संख्या बल को देखते हुए कुमार का संसद के उच्च सदन के लिए निर्वाचित होना लगभग तय माना जा रहा है।

## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन कर्नाटक के बेलगावी पहुंचे



नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन गुरुवार को कर्नाटक के बेलगावी पहुंचे। बेलगावी हवाई अड्डे पर कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली और अन्य जन प्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। उपराष्ट्रपति बेलगावी जिले के यदुर स्थित श्री वीरभद्रेश्वर मंदिर में राजगोपुरा, कलासरोहण और महाकुंभभिषेकम महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह धार्मिक उत्सव मंदिर के नए राजगोपुरा के निर्माण और जीर्णोद्धार कार्यों के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सुरक्षा कारणों से बेलगावी शहर और यदुर के आसपास के इलाकों में कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए यातायात व्यवस्था में भी अस्थायी बदलाव किए गए हैं।

# ईरानी युद्धपोत डूबने पर सचिन पायलट का बयान: 'हमारे प्रभाव क्षेत्र में हमला, भारत चुप न रहे'

नई दिल्ली। अमेरिकी पनडुब्बी के टॉरपीडो हमले में एक ईरानी नौसैनिक युद्धपोत डूबने की घटना को लेकर कांग्रेस नेता सचिन पायलट का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इस मामले में स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए, क्योंकि यह घटना भारत के प्रभाव क्षेत्र में हुई है। सचिन पायलट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि लगातार बढ़ रही हिंसा और टकराव जल्द समाप्त होगा, लेकिन भारत जैसे जिम्मेदार देश को अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा वैश्विक मंचों पर संतुलित और निष्पक्ष रुख अपनाया है और इसी परंपरा को बनाए रखना जरूरी है।

**भारत की कूटनीति में निष्पक्षता अहम**

सचिन पायलट ने कहा कि भारत की विदेश नीति हमेशा से निष्पक्षता और संतुलन पर आधारित रही है। दुनिया भारत को एक समझदार और परिपक्व राष्ट्र के रूप में देखती है। भारत ने हर अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर सही और गलत में फर्क करते हुए अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि किसी एक पक्ष का अंध समर्थन या विरोध करना भारत की कूटनीति का हिस्सा नहीं रहा है, लेकिन जब हमारे प्रभाव क्षेत्र में कोई सैन्य कार्रवाई होती है तो उस पर प्रतिक्रिया देना भी जरूरी हो जाता है।

**हमारे प्रभाव क्षेत्र में हुई कार्रवाई**



सचिन पायलट ने कहा कि यह हमला अमेरिका की ओर से किया गया है और यह न तो नाटो का अभियान है और न ही संयुक्त राष्ट्र का। उन्होंने कहा कि हमारे प्रभाव क्षेत्र में ईरान के नौसैनिक जहाज को निशाना बनाया गया है, इसलिए भारत सरकार को इस मामले में अपना स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। अगर हमारे प्रभाव क्षेत्र में इस तरह की एकतरफा कार्रवाई होती है और भारत चुप रहता है, तो हमारी कूटनीतिक निष्पक्षता पर सवाल उठ सकते हैं।

**इजराइल-फिलिस्तीन मुद्दे का दिया उदाहरण**

सचिन पायलट ने कहा कि भारत ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर संतुलित नीति अपनाई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इजराइल और फिलिस्तीन के मुद्दे पर भी भारत का रुख दो राष्ट्र सिद्धांत का रहा है, जहां दोनों देशों के अस्तित्व को मान्यता देने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी इसी निष्पक्ष कूटनीति पर कायम रहना चाहिए और अंतरराष्ट्रीय मामलों में संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए।

**ट्रंप की टैरिफ नीति पर भी उठाए सवाल**

सचिन पायलट ने डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने भारत पर टैरिफ थोप दिया है, जिससे अमेरिकी सामान भारतीय बाजार में सस्ता हो जाएगा और भारतीय उत्पादों को ज्यादा टैरिफ देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों और डेयरी उत्पादकों पर असर पड़ सकता है। पायलट के अनुसार देश में कई जगह किसान इस तरह की व्यापारिक नीतियों का विरोध भी कर रहे हैं।

**सरकार की चुप्पी देश के हित में नहीं**

सचिन पायलट ने कहा कि आने वाले समय में यह समझौता किसानों और दूध उत्पादकों के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि ईरान का जहाज भारत के एक सैन्य अभियान में शामिल होने के लिए आया था, ऐसे में भारत सरकार को साफ तौर पर बताना चाहिए कि इस मामले में क्या सही है और क्या गलत। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की चुप्पी देश के हित में नहीं है और भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी स्पष्ट और संतुलित भूमिका निभानी चाहिए।

## 6 मार्च को ओडिशा दौरे पर अमित शाह:

# इफको के सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र समेत कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ

नई दिल्ली/भुवनेश्वर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 6 मार्च 2026 को ओडिशा के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे पारादीप में स्थापित इफको के सल्फ्यूरिक एसिड संयंत्र को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और सहकारिता, डेयरी विकास तथा गृह मंत्रालय से जुड़ी कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के विज़न को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।



**पारादीप में इफको संयंत्र का राष्ट्र को समर्पण**

ओडिशा के पारादीप में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अमित शाह इफको द्वारा स्थापित सल्फ्यूरिक एसिड प्लांट (एसएपी-3) को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह संयंत्र उर्वरक उत्पादन और औद्योगिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके शुरू होने से उर्वरक उद्योग को मजबूती मिलने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की उम्मीद है।

**भुवनेश्वर में सहकारिता क्षेत्र की नई पहलें**

इसके बाद अमित शाह भुवनेश्वर के आईडीसीओ प्रदर्शनी मैदान, यूनिट-3 में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत करेंगे। इस दौरान राज्य सहकारिता नीति का विमोचन किया जाएगा। इसके अलावा त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के स्कूल की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। साथ ही बदाम्बा शुगर उद्योग के पुनर्जीवन के लिए भी एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पीएसीएस और लैम्प्स के माध्यम से संचालित 1567 कॉमन सर्विस सेंटरों को भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी।

**डिजिटल पोर्टल और सहकारी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ**

कार्यक्रम में 141 पीएसीएस के लिए आवश्यकता आधारित अवसंरचना का वर्चुअल उद्घाटन किया जाएगा। इसके अलावा आरसीएस कार्यालय पोर्टल की शुरुआत, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड के डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर पोर्टल का डिजिटल शुभारंभ तथा राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड द्वारा विकसित 'कूप मार्क' और 'साविद्या' एआई-सक्षम बहुभाषी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किए जाएंगे।

**डेयरी क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा**

कार्यक्रम में डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भी कई पहलें की जाएंगी। ओएमफेड से जुड़ी योजनाओं की प्रस्तुति दी जाएगी और दो दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कामधेनु योजना के तहत लाभार्थियों को अनुदान जारी किया जाएगा और प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र के उन्नयन के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

## 'काला चश्मा इतना क्यों भाया?'

# योगी के वीडियो पर अखिलेश यादव का तंज, होली पर सियासी बयानबाज़ी तेज

लखनऊ। होली के मौके पर उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी सियासी रंग देखने को मिले। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो में योगी आदित्यनाथ काला चश्मा पहनकर पूजा करते और होली मनाते नजर आ रहे हैं। वीडियो साझा करते हुए अखिलेश यादव ने लिखा, "ऐसा कर्म क्यों करता वो कि सबसे आंख चुराता है। आते समय लगाया था, अब जाते समय लगाया है। यूपी वाले पूछ रहे काला चश्मा इतना क्यों भाया है।" उनके इस बयान के बाद प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर बयानबाज़ी तेज हो गई है। अखिलेश यादव ने होली के अवसर पर शंकराचार्य से जुड़े एक विवाद का भी जिक्र किया और कहा कि कुछ लोगों का अपमान किया गया है, जिससे उन्हें दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) हर उस व्यक्ति के साथ खड़ा रहेगा जो उत्पीड़ित, आहत या अपमानित है। उनका कहना था कि ऐसे लोगों को न्याय और अधिकार दिलाने के लिए उनकी पार्टी संघर्ष करती रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग खुद को सनातन धर्म का सबसे बड़ा अनुयायी बताते हैं, वे अब बेनकाब हो चुके हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने विवादित मुद्दों को सुलझाने के बजाय अहंकार का रास्ता अपनाया और षड्यंत्रकारी तरीके से मामले दर्ज कराए गए। अखिलेश यादव ने भगवद्गीता का हवाला देते हुए कहा कि सच्चा योगी वही होता है जो दूसरों के दुख को अपना दुख समझे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केवल विशेष प्रकार के वस्त्र पहन लेने से कोई योगी नहीं बन जाता। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हालिया जापान यात्रा पर भी सवाल उठाए और कहा कि सरकार पहले भी बड़े निवेश समझौतों के दावे करती रही है। अब एक लाख करोड़ रुपये के नए समझौता ज्ञापनों की बात कही जा रही है, लेकिन जनता सरकार की वास्तविक उपलब्धियों को समझ रही है। वहीं दूसरी ओर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में पारंपरिक तरीके से होली का पर्व मनाया। होलिका दहन के बाद उन्होंने होलिका भस्म की पूजा की और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तिलक लगाकर आरती उतारी। मंदिर परिसर में फाग गीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने फूलों और रंगों की होली खेली और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

## '25 से 30 फिर से नीतीश' कहकर दिया धोखा

# तेजस्वी यादव का बीजेपी पर हमला, बोले- हमारे साथ होते तो ऐसा नहीं होता

पटना। बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और संभावित सत्ता परिवर्तन को लेकर सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि भाजपा ने "2025 से 30, फिर से नीतीश" का नारा देकर जनता और नीतीश कुमार दोनों को धोखा दिया है।



गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास 10 सर्कुलर रोड के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सहानुभूति नीतीश कुमार के साथ है। उन्होंने कहा कि वे पहले से ही कहते रहे हैं कि चुनाव में नीतीश कुमार को "दुल्हा" बनाया गया था, लेकिन असली फेरे किसी और के साथ होने थे।

तेजस्वी ने आरोप लगाया कि भाजपा नहीं चाहती कि ओबीसी, अतिपिछड़ा, दलित और सामाजिक न्याय से जुड़े वर्गों के नेता आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि बिहार में जो नया मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, वह केवल "रबर स्टाम्प" की तरह होगा और वास्तविक सत्ता कहीं और से संचालित होगी।

राजद नेता ने कहा कि भाजपा ने पहले नारा दिया था कि "2025 से 30, फिर से नीतीश", लेकिन अब परिस्थितियां ऐसी बना दी गईं कि नीतीश कुमार को इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में महाराष्ट्र जैसा राजनीतिक मॉडल लागू किया जा रहा है, जहां सहयोगी दलों को कमजोर कर सत्ता पर पूरी पकड़ बनाने की कोशिश की जाती है। तेजस्वी यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एजेंडे के तहत जेडीयू को कमजोर किया जा रहा है। उनका कहना था कि भाजपा ने नीतीश कुमार को "हाईजैक" कर लिया है और धीरे-धीरे पार्टी को खत्म करने की रणनीति पर काम कर रही है। नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने की संभावनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि उनका राजनीति में स्वागत है, लेकिन उन्हें यह याद रखना चाहिए कि भाजपा ने उनके पिता के साथ क्या किया है। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा अपने सहयोगी दलों को कमजोर करने का इतिहास रखती है और जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे राज्यों के उदाहरण सामने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कई राज्यों में ऐसे मुख्यमंत्रियों को चुना गया है जो ओबीसी समुदाय से आते हैं, लेकिन वास्तविक निर्णय लेने की शक्ति उनके पास नहीं होती। राजद नेता ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने "मशीन तंत्र" के बल पर बिहार चुनाव जीता और अब राज्य की जनता सब कुछ देख रही है। उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार महागठबंधन के साथ होते, तो उन्हें आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। अंत में तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार ने करीब 20 वर्षों तक बिहार की सेवा की है और इसके लिए वे उनका धन्यवाद करते हैं। साथ ही उन्होंने उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी की।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

### अपनी करतूतों को छिपाने के लिए ट्रम्प ने ईरान पर हमला किया

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अपने देश अमेरिका में विरोध बढ़ता जा रहा है। अनगिनत आरोपों से घिरे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए अमेरिका अमेरिका में रोज-रोज नई परेशानियां बढ़ जाती हैं। एपिस्टीन फाईल से लीक हुई विडियो ने डोनाल्ड ट्रम्प को विकृत मानसिकता के व्यक्ति की छवि विश्व के सामने रख दी हैं। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने भी टैरिफ को लेकर डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका दिया है। ऐसी स्थिति में डोनाल्ड ट्रम्प अपनी कारगुजरियों से ही स्वयं के सामने मुसीबत मोल लेते जा रहे हैं। ट्रम्प का मानसिक संतुलन भी बिगड़ा हुआ है। ट्रम्प किसी भी स्वतंत्र देश के शासनाध्यक्ष की बेइज्जती कभी भी कर देते हैं। ट्रम्प अपने मनमाने भाषणों के लिए पहले से ही बदनाम हैं। ट्रंप अमेरिका की जनता के बीच अलोकप्रिय राष्ट्रपति बन गए हैं। ऐसी स्थिति में ट्रंप अपने आप को बचाने का काम कर रहे हैं। ट्रंप को अपने आप को बचाने का सबसे आसान तरीका ईरान पर आक्रमण करना लगा। इसलिए ट्रंप ने इजराईल के साथ मिलकर ईरान पर शनिवार सुबह एयर अटैक कर दिया। वैसे माना यह भी जा रहा है कि ईरान पर अटैक करने के लिए अमेरिका को इसराईल ने उकसाया है। इसराईल के पास डोनाल्ड ट्रंप के गुप्त रूप से काफी राज छुपे माने जा रहे हैं, क्योंकि इजराईल की गुप्तचर एजेंसी विश्व के नेताओं, अधिकारियों और व्यवसायियों के गुप्त राज एकत्रित करके रखती है और मौका पाकर ब्लैकमेल करने में पीछे नहीं रहती है। इसराईल यही अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ करता दिखाई दे रहा है। इसराईल एक छोटा-सा देश है। अमेरिका को इसराईल से कोई बड़ा आर्थिक फायदा नहीं दिखाई दे रहा है। वर्तमान में इसराईल के कारण ही अमेरिका को कई युद्ध लड़ने पड़ रहे हैं। अमेरिका का युद्ध खर्चा चरम सीमा पर पहुंच गया है। इसराईल के लिए अमेरिका ने सब कुछ दाव पर लगा दिया है। अमेरिका का ईरान पर आक्रमण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अपने देश में परेशानी कुछ समय के लिए कम कर सकता है, लेकिन अमेरिका की परेशानी जरूर बढ़ेगी। अमेरिका इजराईल और ईरान का युद्ध अभी शुरू हुआ है, कितना लंबा चलेगा कुछ कहा नहीं जा सकता है। इस युद्ध में सैन्य ताकत के हिसाब से अमेरिका ताकतवर दिखाई दे रहा है, फिर भी जीत की गारंटी नहीं माना जा सकता है। क्योंकि ईरान अपने आप में बड़ी ड्रोन और मिसाइल पावर है। ईरान अपनी मिसाइलों और ड्रोनों से युद्ध की स्थिति कभी भी बदल सकता है। इसके अलावा चीन और रूस भी ईरान का खुलकर साथ दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में ईरान को हराना आसान नहीं दिखाई दे रहा है। यह युद्ध फैलकर विश्व युद्ध का भी रूप ले सकता है। लेकिन इस युद्ध में यह भी हो सकता है कि जैसे ही अमेरिका कमजोर पड़ता दिखाई दिया तो अमेरिका सेना ईरान पर परमाणु हमला कर सकती है। परमाणु हमले की स्थिति में ईरान में लाखों लोगों की मौत हो सकती है। यदि परमाणु युद्ध नहीं हुआ तो अमेरिका इजराईल को हार का मुंह देखना पड़ सकता है। युद्ध का भविष्य में क्या परिणाम होगा यह तो वक्त बताएगा। लेकिन यह तय है कि युद्ध कुछ समय के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की करतूतों पर पर्दा डाला जा सकता है।

# एआई से बेरोज़गारी नहीं, लेबर-शॉर्टेज का समाधान: बदलती जनसंख्या और तकनीक मिलकर रोजगार का नया मॉडल बना रही




तकनीक की हर बड़ी छलांग अपने साथ एक बड़ा डर भी लेकर आती है—क्या मशीनें इंसानों की नौकरियां छीन लेंगी? इतिहास गवाह है कि जब भी कोई नई तकनीक आई, यह सवाल जरूर उठा। भाप के इंजन से लेकर कंप्यूटर और इंटरनेट तक, हर दौर में लोगों ने यही अंदेशा जताया कि अब इंसानी श्रम की ज़रूरत कम हो जाएगी। लेकिन अब तक ऐसा कभी व्यापक स्तर पर सच साबित नहीं हुआ। हां, नौकरियों का स्वरूप बदला, काम करने का तरीका बदला, उद्योग बदले—मगर इंसान काम से बाहर नहीं हुआ। आज यही बहस एक बार फिर तेज है, और इस बार केंद्र में है — आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। फर्क इतना है कि एआई केवल मशीन नहीं, बल्कि "सोचने" और "सीखने" की क्षमता वाला सिस्टम है। इसलिए डर भी पहले से ज्यादा गहरा महसूस होता है। बहुत से लोग मानते हैं कि एआई इस बार सच में इंसानी काम की जगह ले सकता है। लेकिन इस पूरे विमर्श में एक अहम पहलू अक्सर नज़रअंदाज़ हो जाता है — दुनिया तेजी से लेबर-शॉर्टेज (श्रमिकों की कमी) की तरफ बढ़ रही है। ऐसे में एआई बेरोज़गारी नहीं, बल्कि राहत भी दे सकता है।

**तकनीकी क्रांतियां और नौकरियों का सच**

अगर हम पिछली तकनीकी क्रांतियों पर नज़र डालें, तो पाएंगे कि उन्होंने नौकरियां खत्म कम, बदली ज्यादा हैं। 19वीं सदी में जब मशीनों ने खेती में प्रवेश किया, तो लाखों लोगों को लगा कि खेतों में काम खत्म हो जाएगा। हुआ यह कि लोग खेतों से निकलकर कारखानों में काम करने लगे। बाद में औद्योगिक क्षेत्र से सेवा क्षेत्र में बड़ी शिफ्ट हुई। जब मोटरगाड़ियों ने घोड़ागाड़ियों की जगह ली, तो तांगा चालकों की रोज़ी पर खतरा आया। लेकिन उसी दौर में ट्रक ड्राइवर, टैक्सी चालक, मैकेनिक और ऑटोमोबाइल इंजीनियर जैसे नए पेशे पैदा हुए। 1970 के दशक में एटीएम मशीनों के आने पर कहा गया कि बैंक कर्मचारियों की ज़रूरत खत्म हो जाएगी। मगर हुआ उल्टा—बैंकों की लागत कम हुई, शाखाएं बढ़ीं और बैंकिंग सेवाएं ज्यादा फैल गईं, जिससे नए पद भी बने। 1990 के बाद इंटरनेट आया। उसने कुछ पारंपरिक नौकरियां जरूर खत्म कीं, लेकिन उससे कहीं ज्यादा नए जॉब रोल पैदा हुए—वेब डेवलपर, डिजिटल मार्केटर, कंटेंट क्रिएटर, डेटा एनालिस्ट, ऐप डेवलपर जैसे दर्जनों पेशे जन्मे। इतिहास का यह पैटर्न बताता है कि तकनीक उद्योग बदलती है, काम की प्रकृति बदलती है—मगर काम खत्म नहीं करती।

**एआई का डर क्यों ज्यादा है?**

एआई को लेकर डर इसलिए ज्यादा है क्योंकि यह सिर्फ शारीरिक काम नहीं, बल्कि दिमागी काम भी कर सकता है। यह लेख लिख सकता है, कोड बना सकता है, मेडिकल रिपोर्ट पढ़ सकता है, डिज़ाइन तैयार कर सकता है, यहां तक कि बातचीत भी कर सकता है। पहली बार ऐसा लग रहा है कि मशीन "बौद्धिक" काम में भी इंसान की टक्कर की हो सकती है। इससे वाइट-कॉलर जॉब्स यानी ऑफिस और प्रोफेशनल नौकरियों को लेकर भी चिंता बढ़ी है। लेकिन इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी है—एआई अभी भी इंसान की निगरानी, निर्देश और सुधार पर निर्भर है। यह अपने आप लक्ष्य तय नहीं करता, न ही सामाजिक समझ रखता है। इसका मतलब है कि एआई इंसान को रिप्लेस नहीं, बल्कि ऑगमेंट (सहयोग) ज्यादा करता है।

**दुनिया लेबर-शॉर्टेज की ओर बढ़ रही है**

एआई पर चर्चा करते समय सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर है — जनसांख्यिकी (डेमोग्राफी)। पिछले चार दशकों में उन देशों की संख्या तेजी से बढ़ी है जहां कामकाजी उम्र की आबादी घट रही है। अब ऐसे देशों की संख्या 50 से ज्यादा हो चुकी है, जिनमें कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। चीन में जन्म दर ऐतिहासिक रूप से सबसे नीचे पहुंच गई है। जापान में जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या 19वीं सदी के स्तर तक गिर गई है। यूरोप के कई देशों में आबादी बूढ़ी हो रही है। वैश्विक प्रजनन दर उस स्तर से नीचे जा रही है जो आबादी को स्थिर रखने के लिए जरूरी होती है। इसका सीधा असर यह होगा कि आने वाले दशकों में काम करने वाले लोगों की संख्या कम होगी, जबकि बुजुर्गों की संख्या बढ़ेगी। इसका मतलब है — कम कामगार, ज्यादा निर्भर आबादी, बढ़ता आर्थिक दबाव, ऐसे माहौल में एआई और ऑटोमेशन अर्थव्यवस्था के लिए सहारा बन सकते हैं।

**उत्पादकता बढ़ाने में एआई की भूमिका**

एआई का सबसे बड़ा फायदा है — उत्पादकता (प्रोडक्टिविटी) में बढ़ोतरी। एक कर्मचारी एआई टूल्स की मदद से पहले से ज्यादा काम कम समय में कर सकता है।

उदाहरण के लिए: डॉक्टर एआई से रिपोर्ट विश्लेषण तेज कर सकते हैं, वकील केस रिसर्च जल्दी कर सकते हैं, पत्रकार डेटा छांटने में समय बचा सकते हैं, इंजीनियर डिज़ाइन और सिमुलेशन जल्दी कर सकते हैं, इससे कुल उत्पादन बढ़ता है, जबकि श्रमबल कम होने की समस्या का असर घटता है। यानी एआई कम कामगारों के साथ भी अर्थव्यवस्था को चलाए रखने में मददगार हो सकता है।

**क्या एआई बेरोज़गारी बढ़ाएगा?**

यह कहना कि एआई बिल्कुल भी बेरोज़गारी नहीं बढ़ाएगा — सही नहीं होगा। कुछ क्षेत्रों में जॉब रोल जरूर कम होंगे, खासकर वे काम जो दोहराव वाले हैं और नियम आधारित हैं।

जैसे: बेसिक डेटा एंट्री,साधारण कस्टमर सपोर्ट, रूटीन अकाउंटिंग, सामान्य कंटेंट ड्राफ्टिंग, लेकिन साथ ही नए जॉब रोल भी तेजी से बन रहे हैं: एआई ट्रेनर, प्रॉम्प्ट इंजीनियर, एआई प्रोडक्ट मैनेजर, एआई एथिक्स स्पेशलिस्ट, डेटा क्यूरेटर, ह्मन-एआई इंटरैक्शन डिज़ाइनर, अमेरिका में आज जो नई नौकरियां पैदा हो रही हैं, उनमें बड़ी संख्या उन श्रेणियों की है जो 20–25 साल पहले मौजूद ही नहीं थीं। यही ट्रेंड आगे भी जारी रहने की उम्मीद है।

**रोबोट और रोजगार: जापान का अनुभव**

जापान एक दिलचस्प मिसाल है। वहां रोबोटिक्स और ऑटोमेशन का इस्तेमाल दुनिया में सबसे ज्यादा है। फिर भी वहां बेरोज़गारी दर लंबे समय से कम बनी हुई है। क्यों? क्योंकि जापान में आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है और युवा कामगार कम हैं। रोबोट्स ने वहां नौकरियां छीनी नहीं, बल्कि कमी पूरी की है। यह मॉडल बताता है कि जहां लेबर-शॉर्टेज है, वहां एआई और रोबोट्स रोजगार विरोधी नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था समर्थक बन सकते हैं।

**राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया भी मायने रखती है**

अगर भविष्य में एआई से बड़े पैमाने पर नौकरियां खतरे में पड़ती हैं, तो समाज और राजनीति चुप नहीं बैठेंगे। इतिहास बताता है कि जब भी बड़े स्तर पर रोजगार संकट आया, सरकारों को दखल देना पड़ा। 2000 के दशक में "चाइना-शॉक" के कारण अमेरिका के औद्योगिक क्षेत्रों में लाखों फैक्टरी मजदूरों की नौकरी गई। इससे राजनीतिक असंतोष बढ़ा और नीतियों में बदलाव की मांग उठी। उसी तरह अगर एआई का असर बहुत तेज और असंतुलित हुआ, तो संभव है: रेगुलेशन आए, ऑटोमेशन की गति पर नियंत्रण हो, री-स्किलिंग प्रोग्राम चलें, सोशल सेफ्टी नेट मजबूत किए जाएं, मतलब — एआई का विस्तार "बेरोकटोक" नहीं होगा।

## व्यंग्य

आसिम अनमोल



### मौत की प्रतीक बन गई सेल्फी की पावर

मौत की प्रतीक होगी सेल्फी यह किसे पता था। सेल्फी नामक मौत की आकस्मिक घटनाएं तीव्र गति से होनी शुरू हो जाएं तो कलम का हुंकार भरना लाज़मी बनता है। सेल्फी लेना जब हमारे नसीब में नहीं था। हम बिना किसी अड़चन के प्राकर्तिक तरीके से बाक़ायदा अर्थी पर सज धजकर टाइम से परमात्मा के यहां चले जाते थे। जब से हम सेल्फी वाले बने हैं , तब से मौत मोबाइल के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। सेल्फी ने मौत को इतनी आसानी से अपने करीब कर लिया है कि बंदा ट्रेन में हो तो बर्थ सीठ छोड़कर सीधे डिब्बे के ऊपर छैय्यां छैय्यां की तर्ज पर विद मौत के सेल्फी लेने चले जाने में गर्वान्वित महसूस कर रहा है। मौत भी सम्मान से आने का प्रयास कर रही है। सेल्फ़ी वालों की सेल्फी भी हो रही है। सब भली भांति जानते हैं कि संसार में हर इंसान को अपनी अपनी पड़ी है। कोई तो मेरी तस्वीर खींचने से रहा। जीवन के हर सकारात्मक मौके गंवाने में इंसान अव्वल दर्ज़ा हासिल करने में लगा हुआ है। लेकिन सेल्फी लेना उसने अपने जीवन का उद्देश्य बना लिया है। इधर, सरकार पुलों को स्थापित करती आ रही है लोगों के आवागमन के लिए। पुल लोगों की आवाजाही से कम पुलों पर आधुनिक अंदाज़ में खड़े होकर सेल्फी लेने के कारण ज्यादा प्रख्यात होते जा रहे हैं। इंसान को अब मौत से डर नहीं लग रहा है। अगर हाथ में स्मार्टफोन सेल्फी वाला मोबाइल उपलब्ध नहीं है तो जमाने वालों के सामने स्टेटस का कचरा होने का भय सता रहा है । डर का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी हावी रहता है। मौत तो सबको ही आनी है। सेल्फी लेते वक़्त मौत को अगर पब्लिक स्टंट मिल जाएगा तो मौत की टी.आर.पी.भी बढ़ जाएगी । ऐसे हालातों में देश के चैनल भी दुःखद हादसों की खबरों के दरिया में डुबकी लगा लेने में संकोच नहीं करते। सेल्फी खुद एक पावर बनकर उभर रही है। सेल्फी के बगैर हम कई दिन तक कपड़े तक नहीं बदलते। सेल्फी है तो नए नए ब्रांडेड कपड़े पहनने का जूनून सवार रहता है। यह अलग बात है कि अब जीवन भगवान के हाथ न होकर सेल्फी वाले मोबाइल के हाथों में पहुंच गया है। मौत भी अब प्राकर्तिक नहीं रही। मौत सांसारिक हो गई है । मौत ने भी अब सेल्फी वाले मोबाइल से टाई अप कर लिया है। जिंदा रहना है तो रहो। वरना सेल्फी लेते लेते भी भगवान के पास जा सकते हो। सेल्फी से मौत को बुलावा देना बड़ा आसान कार्य है। गाड़ी चलाते वक़्त यह ध्यान रखना ज़रूरी नहीं होता है कि गाड़ी कितनी स्पीड में चल रही है। एक्सीडेंट का उपहार भी आपको मिल सकता है। इंसान के लिए सेल्फी अत्यंत ज़रूरी है। अगर गाड़ी चलाते वक्त स्टेरिंग छोड़कर हमने सेल्फी नहीं ली तो सेल्फी का बना बनाया रसूख खाफ में मिल जाता है। सेल्फी अपने आपमें एक ऐसा सौंदर्य प्रोडक्ट है जो न सिर्फ जीवन स्तर को दुनिया के सम्मुख खूबसूरत बनाता है, बल्कि आपको सेल्फीयुक्त इंसान भी बनाता है। सेल्फी वाले इंसान बनना बहुत मुश्किल काम है। सुबह से शाम तक सेल्फी लेने की जिम्मेदारी निभाना ऐसे होता जैसे पारिवारिक जिम्मेदारी या कोई सरकार चलाने का निर्वहन किया जा रहा है। सेल्फीकर्ता ने अब यह सोचना भी छोड़ दिया है कि सेल्फी से भी मौत आ सकती है। डर के आगे जीत की तर्ज पर लोग अब मौत के आगे जीत देखना पसंद कर रहे हैं। सेल्फी का काम अब खूबसूरत दिखना भर नहीं रहा। सेल्फी का काम अब सेल्फी लेते लेते यह दिखाना हो गया है कि सेल्फी लेने में हम कितने जागरूक नागरिक हो गए हैं। हम हर दुःख बर्दाश्त कर सकते हैं। सेल्फी के बग़ैर ज़िन्दिगी का कोई पल नहीं गुज़ार सकते। हमारा मान सम्मान कद ओहदा सब इससे जुड़ गया है। सेल्फी हमारी पर्याप्त आकांक्षाएं पूरी कर रहा है। खुशियां जहां दिख न रही हों। वहां एक सेल्फी ही बत्तीस के बत्तीस दांत निकलवा रही है। हर दुःख से दूर रख रही है यह प्यारी सेल्फी। सेल्फी प्रेमिका का एक रूप भी धारण कर रही है। एक बार एक फैमिली बाज़ार करने जा रही थी।एक सांसद महोदय का वहां से गुज़रना हुआ। हस्बैंड ने जैसे ही सांसद को देखा। बीवी बच्चे भूलकर सांसद के पीछे एक सेल्फी हो जाए लेने चले गए। इधर भीड़ भाड़ में न जाने किसी ने अपनी बाइक बीवी बच्चों पर चढ़ा दी। बीवी बच्चे घायल। जनता भी यह सब देखकर बीवी बच्चों की सेल्फी लेने में लग गई । किसी ने मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ाया। सेल्फी लेने के लिए सैकड़ों हाथ आ गए। हस्बैंड भी सांसद के साथ ली गई सेल्फी चेक करते हुए अपनी बीवी बच्चों के पास आए तो हक्का बक्का रह गए। इधर, पब्लिक घायल बीवी बच्चों की सेल्फी लिए जा रही थी उधर हस्बैंड सेल्फी लेने वालों के मुंह ताक रहा था।

( लेखक व्यंग्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## विविध विचारों में समन्वय की खोज



संकलित **दर्शन**

संकलित दर्शन वह चिंतन पद्धति है, जो विभिन्न दार्शनिक धाराओं, मतों और अनुभवों के सार को एक साथ जोड़कर जीवन और सत्य की व्यापक समझ विकसित करने का प्रयास करती है। यह किसी एक विचारधारा तक सीमित न रहकर, अनेक दृष्टिकोणों को स्वीकारते हुए उनमें समन्वय स्थापित करती है। भारतीय दर्शन में यह प्रवृत्ति प्राचीन काल से दिखाई देती है, जहाँ उपनिषद, भगवद्गीता और आदि शंकराचार्य जैसे महान चिंतकों ने ज्ञान, कर्म और भक्ति को एक-दूसरे का पूरक बताया।संकलित दर्शन का मूल सिद्धांत यह है कि सत्य एकांगी नहीं, बल्कि बहुआयामी होता है। मनुष्य की समझ सीमित हो सकती है, इसलिए विभिन्न दृष्टिकोण मिलकर ही पूर्णता की ओर ले जाते हैं। यही कारण है कि यह दर्शन संवाद, सहिष्णुता और विचार-विनिमय को महत्व देता है। इसमें विरोध को संघर्ष नहीं, बल्कि नए ज्ञान के द्वार के रूप में देखा जाता है।आधुनिक वैश्विक समाज में, जहाँ अलग-अलग संस्कृतियाँ, धर्म और विचारधाराएँ साथ-साथ अस्तित्व में हैं, संकलित दर्शन की उपयोगिता और बढ़ जाती है। यह हमें सिखाता है कि विविधता विभाजन का कारण नहीं, बल्कि समृद्धि का स्रोत है। शिक्षा, राजनीति और सामाजिक जीवन में यदि इस दृष्टिकोण को अपनाया जाए, तो सामंजस्य और संतुलन स्थापित किया जा सकता है।अतः संकलित दर्शन केवल एक दार्शनिक अवधारणा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समन्वयकारी दृष्टि है, जो हमें व्यापक सोच, सह-अस्तित्व और मानवीय एकता की ओर प्रेरित करती है।

## विविध स्रोतों से शक्ति का संगम



संकलित **प्रेरणा**

संकलित प्रेरणा वह आंतरिक ऊर्जा है, जो जीवन के अलग-अलग अनुभवों, व्यक्तित्वों और विचारों से मिलकर बनती है। यह किसी एक व्यक्ति, घटना या पुस्तक तक सीमित नहीं रहती, बल्कि परिवार, समाज, इतिहास और अपने संघर्षों से शक्ति ग्रहण करती है। जब मनुष्य अनेक स्रोतों से सीख लेकर उन्हें अपने जीवन में उतारता है, तब उसकी प्रेरणा स्थायी और प्रभावशाली बनती है।हमारे इतिहास और वर्तमान में अनेक ऐसे व्यक्तित्व हुए हैं जिनसे प्रेरणा ली जा सकती है। स्वामी विवेकानंद से आत्मविश्वास और युवाशक्ति की चेतना मिलती है, महात्मा गांधी से सत्य और अहिंसा का मार्ग, तथा डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम से सपने देखने और उन्हें साकार करने का साहस। इन सभी की शिक्षाएँ मिलकर एक ऐसी संकलित प्रेरणा तैयार करती हैं, जो व्यक्ति को कठिनाइयों में भी आगे बढ़ने का हौसला देती है।संकलित प्रेरणा का अर्थ है—हर अनुभव से सीख लेना। असफलता हमें धैर्य सिखाती है, सफलता आत्मविश्वास देती है, और संघर्ष हमें मजबूत बनाता है। जब हम सकारात्मक सोच, अनुशासन और निरंतर प्रयास को अपनाते हैं, तो प्रेरणा केवल क्षणिक उत्साह नहीं रहती, बल्कि जीवन का स्थायी मार्गदर्शक बन जाती है।इस प्रकार, संकलित प्रेरणा जीवन को दिशा देने वाली वह शक्ति है, जो विविध स्रोतों से प्राप्त होकर हमारे व्यक्तित्व को समृद्ध और सशक्त बनाती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**परीक्षा के दिनों में शोर-शराबा ठीक नहीं**

परीक्षा केवल अंकों की प्रतिस्पर्धा नहीं होती, बल्कि यह विद्यार्थियों के भविष्य, आत्मविश्वास और मानसिक संतुलन की कसौटी भी होती है। ऐसे संवेदनशील समय में यदि आसपास का वातावरण शोर-शराबे से भरा हो, तो उसका सीधा प्रभाव छात्रों की एकाग्रता और प्रदर्शन पर पड़ता है। दुर्भाग्य से हमारे समाज में परीक्षा के दिनों में भी लाउडस्पीकर, जुलूस, शादियों और पटाखों का शोर थमने का नाम नहीं लेता। विद्यार्थी पूरे वर्ष जिस परीक्षा की तैयारी करते हैं, वह कुछ घंटों में उनकी मेहनत का परिणाम तय करती है। ऐसे में पढ़ाई के अंतिम दिनों में मानसिक शांति अत्यंत आवश्यक होती है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि अत्यधिक शोर तनाव हार्मोन को बढ़ाता है, जिससे ध्यान भटकता है और स्मरण शक्ति प्रभावित होती है। ऐसे में जरूरी है कि लोग बच्चों का सहयोग करें। -सूर्यांश, रोहतक

## ट्रेंड

### साझेदारी की मजबूत नींव



प्रधानमंत्री कार्नी आप बिलकुल सही हैं। आपकी यात्रा ने एक सच्ची नवीनीकृत साझेदारी के लिए एक मजबूत नींव रखी है। मैं आपके साथ मिलकर दोनों देशों के लोगों के लिए विश्वास, विकास, नवाचार और साझा समृद्धि से परिभाषित भविष्य निर्माण के लिए उत्सुक हूं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### नई महत्वाकांक्षा का विस्तार



मेरी भारत यात्रा केवल दोनों देशों की साझेदारी का नवीनीकरण नहीं है, बल्कि दो आत्मविश्वासी देशों के बीच नई महत्वाकांक्षा के साथ एक विस्तार है, जो भविष्य के लिए अपना मार्ग स्वयं तय कर रहे हैं। इससे दोनों देशों के रिश्तों में गर्माहट आएगी और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेंगे। **-मार्क कार्नी,** प्रधानमंत्री, कनाडा

### अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन



हमने अंतर-मंत्रालयी समूह का गठन किया है जो पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर नजर रख रहा है, ताकि हमारे पोत परिवहन, लॉजिस्टिक, निर्यात या महत्वपूर्ण आयात में कमजोर रुख का आकलन किया जा सके। हम अंतर-मंत्रालयी स्तर पर कार्रवाई करेंगे। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### राजकोषीय स्वतंत्रता हो



संघवाद कोई राजनीतिक मांग नहीं है, बल्कि यह हमारे संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है। राज्यों को अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए उनके पास अधिकार व राजकोषीय स्वतंत्रता होनी चाहिए। भारत की ताकत सहकारी संघवाद, संवैधानिक विश्वास व विविधता में निहित है। **-सिद्धरमैया,** सीएम, कर्नाटक

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### 1990 के बाद से भारत में स्तन कैंसर 500 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन में पाया गया है कि स्तन कैंसर विश्व भर में महिलाओं की मृत्यु या बीमारी का एक प्रमुख कारण है। भारत में वर्ष 1990 से 2023 के बीच स्तन कैंसर के मामलों में चौंका देने वाली 477 प्रतिशत और इस बीमारी से होने वाली मौतों में 352 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 'लैंसेट ऑन्कोलॉजी' में प्रकाशित इस अध्ययन रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2050 तक वैश्विक स्तर पर स्तन कैंसर के मामलों की संख्या बढ़कर 35 लाख हो जाएगी (जो 2023 में 23 लाख से एक तिहाई अधिक है) और इससे होने वाली मौतों का आंकड़ा 44 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13 लाख प्रति वर्ष हो जाएगा। अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ मेट्रिक्स एंड इवैल्यूएशन (आईएचएमई) की कायले भांगडिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन के अनुसार, भारत में 2023 में लगभग 2.03 लाख कैंसर के मामले दर्ज किए गए (जो 1990 के मुकाबले लगभग 477 प्रतिशत की वृद्धि है) और एक लाख से अधिक मौतें हुईं जो 352.3 प्रतिशत की वृद्धि है। इस बीमारी का प्रभाव विश्व भर में एक समान नहीं था, निम्न और मध्यम आय वाले देश उच्च आय वर्ग की तुलना में अधिक प्रभावित हुए। अध्ययन में पाया गया कि निम्न आय वर्ग में आयु आधारित मानकीकृत घटना दर (एएसआईआर) में 147.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उच्च आय वर्ग में यह परिवर्तन केवल 1.2 प्रतिशत था।

## ऑफ बीट

### 'दुर्लभ शारीरिक स्थिति' वाले मरीज को लगा पेसमेकर



**कोलकाता।** कोलकाता के एक अस्पताल में चिकित्सकों ने दुर्लभ शारीरिक स्थिति वाली 62-वर्षीय एक महिला में सफलतापूर्वक स्थायी पेसमेकर लगाया। महिला 'कृत्रिम बाईकैवल वाल्व' समस्या से पीड़ित थी। यह ऐसी दुर्लभ शारीरिक स्थिति होती है जिसे विश्व चिकित्सा इतिहास में इससे पहले केवल एक बार ही देखा गया है। शहर के मुकुंदपुर इलाके के मणिपाल अस्पताल के पदाधिकारियों ने कहा कि यह देश में ऐसा पहला मामला है और विश्व स्तर पर केवल दूसरा मामला। अस्पताल के कार्डियोलॉजी सीनियर कंसल्टेंट एवं कैथ लैब निदेशक, डॉ. सौम्या पात्रा ने पिछले महीने यह सर्जरी डॉ. सुभाशीष देब और टीम के अन्य सदस्यों के सहयोग से की। अधिकारी ने बताया कि दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर की निवासी श्यामली बिस्वास को गंभीर हृदय रोग का लंबा इतिहास रहा है। डॉ. पात्रा ने कहा कि 2023 में उनका प्राकृतिक वाल्व गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त होने के बाद वेल्लोर में 'त्रिकल्पी (ट्राइकसपिड) हृदय वाल्व प्रतिस्थापन' सर्जरी हुई थी। इस साल की शुरुआत में, बुजुर्ग महिला को ''कम्प्लीट हार्ट ब्लॉक'' हो गया, जो एक गंभीर स्थिति है, जिसमें हृदय में खराब इलेक्ट्रिकल सिग्नल्स के कारण दिल बहुत धीरे धड़कने लगता है। इसके चलते उन्हें दो फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने तुरंत स्थायी पेसमेकर लगाने की सलाह दी थी। डॉ. पात्रा ने कहा कि कृत्रिम बाईकैवल वाल्व सिस्टम ''हृदय की सामान्य संरचना को पूरी तरह बदल देता है''।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिला आत्मनिर्भरता को मिली नई उड़ान

## -बजट में महिला सुरक्षा एवं सम्मान के अनेक प्रावधान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत करने तथा महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में भी रूरल विमेन बीपीओ, राज सखी स्टोर, अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण, किशोरी बालिका योजना का विस्तार, मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना के अंतर्गत ऋण सीमा में वृद्धि सहित ऐसी अनेक घोषणाएं की गई हैं, जिससे आधी आबादी सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सके।

राज्य सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण एवं वित्तीय समावेशन के तहत किए जा रहे प्रयासों से प्रदेशभर में 16 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक संबल देने एवं रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 100 करोड़ रुपये का व्यय कर जिला स्तर पर रूरल विमेन बीपीओ स्थापित किये जायेंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री लखपति दीदी ऋण योजना के तहत ऋण सीमा भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर एक लाख 50 हजार रुपये करने का बजटीय प्रावधान किया गया है, जिससे महिला उद्यमिता को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

**50 नवीन एंटरप्राइजेज होंगे शुरू, वित्तीय साक्षरता के लिए सक्षम सेंटर्स-**

राजीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा इस वर्ष की बजटीय घोषणा के तहत राजीविका के अन्तर्गत संगठित 100 क्लस्टर लेवल फेडरेशन के कार्यालय एवं अन्य उपयोग के लिए भवन उपलब्ध करवाये जायेंगे। साथ ही, इन कार्यालयों में डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता के लिए 'सक्षम सेंटर' भी शुरू किए जाएंगे। स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाये गये उत्पादों की बेहतर ब्रांडिंग, डिजाइनिंग एवं पैकेजिंग कर डेयरी, टैक्सटाइल, फुटवियर, मिलेट्स एवं मसाले इत्यादि से सम्बन्धित क्षेत्रों के 50 नवीन एंटरप्राइजेज स्थापित किये जायेंगे। साथ ही, राज्य सरकार द्वारा इन उत्पादों की ब्रिक्री के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों से समन्वय भी किया जाएगा।

**5 हजार महिलाएं बनेंगी 'बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट' सखी-**

राज्य सरकार महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में सभी संभागीय



मुख्यालयों पर 'राज सखी स्टोर्स' स्थापित किए जाएंगे, जिससे राजीविका से जुड़ी महिलाओं को उद्यम को सफल बनाने के लिए आवश्यक क्षमता संवर्द्धन मिल सके। इस हेतु सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से सेंटर फोर एंटरप्रेन्योरशिप एण्ड कैपिसिटी बिल्डिंग स्थापित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत ऋण की सीमा 50 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान भी किया गया है। वहीं, स्वयं सहायता समूह की लगभग 5 हजार महिलाओं को प्रशिक्षित कर 'बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट' सखी बनाया जायेगा।

**11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का होगा निर्माण-**

राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह की आजीविका संवर्द्धन के लिए 11 हजार अमृत पोषण वाटिकाओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में मिड-डे-मील के लिए स्थानीय स्तर पर फल, सब्जी भी उपलब्ध हो सकेंगे। राज्य सरकार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए भी अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन कोर्स करवाया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की एक हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रतिष्ठित संस्थानों से विशिष्ट प्रशिक्षण दिलवाया जायेगा। इस वर्ष के बजट में आकांक्षी जिले करौली, धौलपुर, बारां, जैसलमेर एवं सिरोही में संचालित 'किशोरी बालिका योजना' का विस्तार किया गया है। अब यह योजना राज्य के समस्त 27 आकांक्षी ब्लॉक्स में शुरू की जाएगी, जिससे 50 हजार से अधिक किशोरी बालिकाएं पूरक पोषाहार से लाभान्वित हो सकेंगी। राजकीय कार्यालयों में कार्यालय समय में 6 माह से 6 वर्ष के बच्चों की देखभाल के लिए चरणबद्ध रूप से 'मुख्यमंत्री शिशु-वात्सल्य सदन' खोले जायेंगे।

**कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या अब 600-**

महिला सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। महिलाओं के विरूद्ध सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़, घरेलू हिंसा एवं अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए कार्यरत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की संख्या को चरणबद्ध रूप से 500 से बढ़ाकर 600 किया जाएगा। वहीं, 100 पुलिस थानों में महिला बैरक विकसित किये जायेंगे। पर्यटकों की सुरक्षा व सहयोग के लिए पर्यटन सहायता बल कैडर का सुदृढ़ीकरण हेतु महिला सुरक्षाकर्मियों एवं गाइड्स की नियुक्ति की जायेगी।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को मुख्यमंत्री सुपोषण न्यूट्री-किट, लाडो प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्द्धन, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, सोलर दीदी एवं लखपति दीदी जैसी योजनाओं से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। महिलाएं इन योजनाओं से लाभान्वित होकर सशक्त हुई हैं तथा उनकी निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ी है। इन प्रयासों से महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। साथ ही, वे राज्य के विकास में अहम भागीदारी भी सुनिश्चित करेंगी।

---

# अवैध कब्जों पर जेडीए का 'वज्रपात': दो माह में 233 करोड़ की 37 बीघा सरकारी जमीन अवैध कब्जा मुक्त

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण अनियमितताओं के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' और सुशासन के विजन के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने बुधवार को प्रवर्तन शाखा की समीक्षा बैठक ली । बैठक में महाजन ने ज़ोन 10,13,14,15,16,22,23,24 और ज़ोन 25 कि कार्य प्रगति की समीक्षा की । बैठक में बताया गया की आयुक्त सिद्धार्थ महाजन द्वारा प्रदत्त सपष्ट निर्देशों की अनुपालना में जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने कड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पिछले दो माह में बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराया है।

**37 बीघा भूमि अतिक्रमण मुक्त, बाजार कीमत 233.40 करोड़ रुपये-**

प्रवर्तन शाखा द्वारा की गई कार्रवाई के तहत केवल जनवरी और फरवरी माह में ही कुल 37 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 233.40 करोड़ रुपये आंकी गई है। महाजन ने बताया



की जनवरी 2026 में प्रवर्तन दस्ते ने जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए करीब 17 बीघा भूमि से अवैध कब्जे हटाए। इस भूमि की अनुमानित राशि 173.40 करोड़ रुपये है, इसके अतिरिक्त फरवरी माह के प्रथम पखवाड़े में ही त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब 20 बीघा भूमि को खाली करवाया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 60 करोड़ रुपये है। जेडीए द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई से अवैध कॉलोनी काटने वाले और अतिक्रमण करने वाले तत्वों में हड़कंप है।

**सख्ती से निपटा जाएगा आवांछित तत्वों से- महाजन**

आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने कहा कि जेडीए की सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अतिक्रमण की सूचना मिलते ही नियमानुसार चालान पेश कर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सोमवार से साप्ताहिक अभियान शुरू कर इसी गति से सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण के सभी लम्बित मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि सरकारी संपत्तियों को सुरक्षित रखने के लिए जेडीए प्रतिबद्ध है और राज्य सरकार की मंशानुरूप सुनियोजित नगरीय विकास सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है । महाजन ने आमजन से शहर के नियोजित विकास में सहभागी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जयपुर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नागरिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अवैध निर्माण, कब्जा या सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत के लिए जेडीए द्वारा 24x7 कंट्रोल रूम और डिजिटल पोर्टल संचालित किए जा रहे हैं।

# अभय कुमार ने राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन पहुंचकर की परिवादियों से बात

## -परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन, इन्दिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग अभय कुमार ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान सम्पर्क हेल्पलाइन (181) पहुंचकर परिवादियों से कॉल पर संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कुमार ने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रकरणों के निस्तारण की औसत अवधि, लंबे समय से लंबित मामलों, कम संतुष्टि प्राप्त श्रेणियों तथा जल संसाधन विभाग से संबंधित शिकायतों की विस्तृत एवं तथ्यात्मक समीक्षा की। पिछले एक वर्ष में जल संसाधन विभाग द्वारा 11501 में से 95 % परिवाद का औसत 22 दिवस की अवधि में निस्तारण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवादी की समस्या का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि



सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय अपनाने जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को परिवादियों के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग, इन्दिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग से संबंधित विभिन्न शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की वर्तमान स्थिति का भी मूल्यांकन किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में लोक शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से सभी विभागों के प्रभारी सचिव 4 मार्च से 28 अप्रैल तक राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन पर निर्धारित तिथियों में स्वयं उपस्थित रहकर शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई, तथ्यात्मक समीक्षा तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर जल संसाधन विभाग, इन्दिरा गांधी नहर एवं सिंचित क्षेत्र विकास विभाग, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग तथा राजस्थान सम्पर्क हेल्पाइन के अधिकारी मौजूद रहे।

# यौमे विलादत मौला इमाम हसन अलैहिस्सलाम मनाई

## -मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआएं की

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हसन अलैहिस्सलाम का यौमे विलादत बड़ी शान ओ शौकत के साथ मनाया गया, राजस्थान के जयपुर ग्रामीण स्थित अमरसर में दरगाह शरीफ हजरत शेख़ सय्यद अहमद चिश्ती रहमत उल्लाह अलैह में, सज्जादा नशीन दरगाह और सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राजस्थान इकाई प्रदेश अध्यक्ष सूफ़ी सय्यद आबिद अली चिश्ती फरीदी की सरपरस्ती में जश्ने यौमे विलादत मौला इमाम हसन अलैहिस्सलाम मनाया गया, इस



मौके पर रोज़ा इफ्तार करवा के मुल्क में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई, इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार जाफ़र लोहानी और वरिष्ठ समाजसेवी अमीन खान पठान मौजूद रहे।

# जयपुर में जेडीए द्वारा दो स्थानों से हटाया गया अतिक्रमण

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में आगरा रोड़ के पास जेडीए की अनुमादित योजना ग्रीनपार्क में 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 ग्राम बरखेडा में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्रीमती शिल्पा चौधरी ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़ के पास जेडीए की अनुमोदित योजना ग्रीनपार्क में 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बाउन्ड्रीवॉल का अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 72 जेडीए एक्ट के तहत नोटिस जारी कर किये गये अतिक्रमण को प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 की मौजूदगी में आज जोन- 10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर 60 फीट रोड़ सीमा, सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बरखेडा जिला जयपुर के खसरा न0 631 गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते



की भूमि पर अतिक्रमण कर करीब 500 मीटर लम्बाई में सीमेंट के पिल्लर गाड, तारबन्दी कर टीन शेड लगाकर झाडियां डालकर किये गये अतिक्रमणों को प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 की मौजूदगी में आज जोन- 14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ, की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन एवं मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर सरकारी आम रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन श्रीमती शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उतरे फील्ड में

## -अफसरों के साथ आनासागर झील का दौरा

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को अजमेर प्रवास पर रहे। उन्होंने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं तथा शहर से जुड़े विकास कार्यों पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि इन कार्यों से संबंधित प्रक्रिया तुरंत शुरू हो ताकि आमजन को इनका लाभ मिल सके। शक्ति सिंह राठौड़ एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ आनासागर झील में मिट्टी निकालने के कार्य पर चर्चा की। उन्होंने मौके पर जाकर विभागीय अधिकारियों की योजना को समझा। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत झील से करीब एक मीटर तक मिट्टी निकाली जाएगी। इस पर करीब 78 करोड़ रूपए की लागत आएगी। देवनानी ने कहा कि झील में सभी तरफ से मिट्टी निकाली जाए ताकि बारिश का ज्यादा पानी आ सके। देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि शहर में चार नई



सड़कों के विकास व विस्तार के प्रपोजल तैयार किए जाए। इसके तहत नगर निगम के नए कार्यालय से लोहागल होते हुए नागौर हाईवे, स्टीफन चौराहे से माकड़वाली होते हुए नागौर हाईवे, पृथ्वीराज नगर से रातीडांग, चौरसियावास होते हुए नौसरघाटी तथा रेयान स्कूल से हाथीखेड़ा होते हुए वरूण सागर व खरेकड़ी रोड़ तक नई सड़क तैयार करवाई जाए। इसी तरह विजयराजे सिंधिया नगर के पास प्रगतिरत खेल स्टेडियम के कार्य की भी समीक्षा की गई। देवनानी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि अजमेर के चारों ओर प्रस्तावित रिंग रोड की डीपीआर जल्द तैयार की जाए। राज्य बजट में इसके लिए 3 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि अजमेर निगम क्षेत्र में नए शामिल क्षेत्रों में सफाई व रोड़ लाइट्स की सही व्यवस्था की जाए। रामसेतू के नीचे पार्किंग जल्द शुरू करवाई जाए। केसर बाग पुलिया ऊंची करने तथा ब्रह्मपुरी नाले की सफाई व गहराई बढ़ाने के काम को प्राथमिकता से किया जाए। भीड़भाड़ व तंग रास्तों पर डीएमएफटी से स्वीकृत अग्निशमक उपकरण लगाए जाए। सड़कों का पेचवर्क किया जाए। जिन क्षेत्रों में महिला शौचालय बनना प्रस्तावित है, वहां काम जल्द शुरू हो।

# विद्युत कर्मचारी नेता आलमशेर चौहान के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। चौमू रावनगेट जामा मस्जिद के पास में रहने वाले विदृत कर्मचारी नेता आलम शेर खान चौहान का अचानक इंतेक़ाल (मृत्यु) हो गई जिससे दिलावर शाह बाबा मार्केट में शोक की लहर फेल गई लोग अपने अपने प्रतिष्ठानों (दुकानों) को बंद करके चौहान हाउस की और चल दिए। इधर नाथू खान चौहान, डॉक्टर नारंग, सिराज खान चौहान, फैय्याज खान चौहान, रिय्याज खान चौहान, अय्युब खान चौहान, कय्यूम खान चौहान, इलियास खान चौहान, शकील खान चौहान, शमशेर खान चौहान, सनीफ़ खान



चौहान, अप्पू खान चौहान, मजीद खान, अब्दुल अजीज लोहानी, कप्तान खान, हसन खान, शेर मोहम्मद खान, जीशान खान, बंटी खान, अज्जू खान, नबाब खान, सलीम खान लोहानी, जमशेर खान लोहानी, खुर्शीद खान लोहानी, मोहम्मद अल्ताफ़ खान लोहानी, रिय्याज खान लोहानी, रफ़ीक़ नागोरी, सलीम नागोरी, हबीब खान मातवान, इकरामुद्दीन खान गोरी, हबीब मास्टर, अलमुद्दीन खान. नेताजी इक़बाल खान लोहानी, शमशेर खान, वीआईपी सरदार खान गोरी, मंजूर खान, शराफत खान, इरफत खान, जाफ़र खान लोहानी, मोहम्मद फरमान खान पठान, टाइगर खान, गफ़ूर खान, इकराम खान लोहानी, सैफू लोहानी आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया हैं।

# पूर्व पार्षद नेता अलीमुद्दीन ने करवाया रोज़ा इफ़्तार

## -रोज़ा जिस्मानी बुराई को खत्म करके रूहानी ताकत पैदा करता है - रिय्याज लोहानी

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। चौमू नगर पालिका के प्रतिपक्ष पूर्व पार्षद नेता अलीमुद्दीन के 14 वें रमज़ान के अवसर पर रोज़ा इफ़्तार का कार्यक्रम युवा नेता रिय्याज़ खान लोहानी की सदारत में हुआ जिसमें काफी संख्या में रोजदारों ने शिरकत कर इफ़्तार किया।

रिय्याज़ खान लोहानी ने माहे रमज़ान की फ़ज़ीलत बयान करते हुए कहा कि रोज़ा जिस्मानी बुराई को खत्म करके रूहानी ताकत पैदा करता है यह महीना आत्मशुद्धि, खुदा के



प्रति कृतज्ञता और अनुशासन विकसित करने के लिए विशेष महत्व रखता है, शहर के सैकड़ो गणमान्य रोजदारों ने शिरकत कर मुल्क में अमन सुकून खुशहाली की दुआएं की । मगरिब की अजान से पूर्व रोजा खोलने की दुआ पढ़ाई गई व खिजुर से रोजा खोला गया। इस अवसर पर रियाज लोहानी, सलीम कुरैशी, इकबाल शाह, अल्ताफ खोकर, सद्दाम लोहानी, बब्बर गोरी, अबरार गोरी, मुराद खोकर, अलमुद्दीन नेता, सलमु खोकर, फरदीन जोया, ताज मोहम्मद, जाकिर लोहार आदि लोग उपस्तिथ थे।

# भाईचारे को कायम रखे इसके बिना भारत देश तरक्की नही कर सकता - सोनी

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। निकटवर्ती ग्राम खोरा लाड़ खानी के कुंडाल में स्थित रणपुरी महाराज मठ में होली स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे। सभी ने महाराज श्री रणपुरी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्म व समाज सेवा के कार्यों के लिए प्रेरणा ली। भामाशाह ड़ी के सोनी ने कहा कि भाईचारे को कायम रखे इसके बिना भारत देश तरक्की



नही कर सकता हैं इस अवसर पर सुमेर मल सोनी महरीवाला (प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष, भाजपा ओबीसी मोर्चा), जगदंबा ज्वेलर्स के डी.के. बैराडिया (सामाजिक सेवक व बजरंग दल अध्यक्ष, मनोहरपुर), अशोक कुमार धतूरा (कूकस), मनीष मोसूँण (ताल कटोरा), सीताराम मोसूँण, ओम प्रकाश मोसूँण, सितेन्द्र मोसूँण (जयपुर), राजू पटवा, मनीष पटवा, बबलू शर्मा, घनश्याम योगी (पूर्व सरपंच), सुनील, विमल, केशुका एवं जगदीश पटवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत माहौल में कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

# होली पर्व समाज को आपसी भाईचारे और सौहार्द की डोर में बांधता है - कुड़ी

मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। भामाशाह मोहन कुड़ी ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आत्मीय मुलाकात की और सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर एवं साफ़ा बांध कर गर्मजोशी के साथ स्वागत करते हुए सम्मान किया। कुड़ी ने कहा कि जनता का स्नेह और



विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जो उन्हें निरंतर समाजसेवा के पथ पर समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देने वाला पावन पर्व है, जो समाज को आपसी भाईचारे और सौहार्द की डोर में बांधता है। कार्यक्रम में उत्साह और सौहार्द का वातावरण बना रहा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सूचना

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# रोजा आत्म शुद्धि-अनुशासन और सब्र-धैर्य सीखना है- डॉ. अहसान गौरी

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर डॉ. अहसान गौरी अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चूरू ने माहे रमजान की मुबारकबाद देते हुए बताया कि रोज़ा (उपवास) शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। यह पाचन तंत्र को आराम देता है, शरीर को डिटॉक्स करता है, और वज़न घटाने, ब्लड प्रेशर व कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी सहायता करता है, साथ ही सहानुभूति और आत्म-नियंत्रण की भावना बढ़ाता है।

शारीरिक डिटॉक्स (Detoxification): दिन भर भूखे रहने से शरीर में जमा वसा (fat) का उपयोग करता है, जिससे विषाक्त पदार्थ बाहर निकलते हैं और लीवर व किडनी को आराम मिलता है। वजन और पाचन में सुधार होता है। रोज़े से वजन कम हो सकता है और लिपिड प्रोफाइल में सुधार हो सकता है, जिससे 'खराब' कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित होता है। ओर मानसिक और आत्म-नियंत्रणः यह अनुशासन, धैर्य और मानसिक स्पष्टता को बढ़ावा देता है, जिससे तनाव कम हो सकता है। पाचन तंत्र को आरामः एक महीने का उपवास पाचन तंत्र के लिए "रीसेट" बटन की तरह काम करता है। गर्भवती महिलाओं और गंभीर मधुमेह रोगियों को चिकित्सा परामर्श लेने के बाद ही रोजे रखना चाहिए। स्वस्थ्य को मध्य नजर रखते हुए रोजा रखे। इफ्तार में पौष्टिक भोजनः खजूर, पानी, फल और फाइबर युक्त भोजन से शुरुआत करें। सेहरी में प्रोटीन और फाइबर युक्त भोजन करना चाहिए।तला-भुना खाने से बचें। पानी की कमी न होने दें इफ्तार के बाद पर्याप्त तरल पदार्थ लें। नींद सुनिश्चित करें, क्योंकि उपवास से नींद के पैटर्न में बदलाव आ सकता है।

रोज़ा (Fasting) इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है, जो रूहानी (आध्यात्मिक) और जिस्मानी (शारीरिक) दोनों तरह के फायदे देता है। यह आत्म-अनुशासन, अल्लाह के प्रति समर्पण, और पापों से मुक्ति पाने का माध्यम है। यह न केवल रूह को शुद्ध करता है। बल्कि शरीर को डिटॉक्सिफाई (विषाक्त पदार्थों को निकालना) करने और पाचन तंत्र को आराम देने में भी मदद करता है। जिससे कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम हो सकता है।

रोज़ा (उपवास) रखने से इस्लामिक फायदे हैं। तक़वा की प्राप्तिः रोज़े का मुख्य उद्देश्य अल्लाह का डर और उससे गहरा संबंध। गुनाहों से माफी: रमज़ान में रोज़ा रखने से पिछले गुनाह माफ़ होते हैं और यह रूहानी सफाई का जरिया है। यह भूख और प्यास पर काबू पाकर आत्म-अनुशासन और सब्र (धैर्य) सिखाता है। गरीबों के प्रति सहानुभूतिः भूख का एहसास होने से गरीबों के प्रति सहानुभूति और परोपकार की भावना जागृत होती है।

रोज़ेदारों के लिए जन्नत में 'अर-रय्यान' नाम का खास दरवाज़ा है। जहां से रोजेदार ही गुजर सकते हैं। रोज़ा से स्वास्थ्य संबंधी फायदे हैं। शरीर का डिटॉक्सः दिन भर भूखा रहने से पाचन तंत्र को आराम मिलता है और शरीर से हानिकारक विषाक्त पदार्थ (Toxins) बाहर निकल जाते हैं। वजन और मेटाबॉलिज्मः यह मेटाबॉलिज्म को संतुलित करता है और वजन को नियंत्रित करने में सहायक होता है। मानसिक शांतिः रोज़ा रखने से दिमागी कार्यप्रणाली में सुधार और मानसिक शांति मिलती है।

सुन्नत तरीकाः इफ्तार में खजूर का सेवन पैगंबर की सुन्नत है, जो शरीर को तुरंत ग्लूकोज और पौष्टिक तत्व (फाइबर, आयरन) प्रदान करता है। रोज़ा एक मुकम्मल इबादत है जो रूह की सफाई के साथ-साथ शरीर को भी स्वस्थ रखता है।

# विधानसभा में चर्चा करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने त्वरित निर्णय करने की सरकार से अपील की



चूरू (रॉयल पत्रिका)। चूरू विधायक हरलाल सहारण ने विभिन्न मांगो पर विधानसभा में चर्चा करते हुऐ उनके त्वरित निर्णय करने की सरकार से अपील की। विधायक सहारण ने कहा कि चूरू से भालेरी रोड़ कार्य बाकी है जिसे नागोर मुकनगढ़ हाइवे प्रा.लि. द्वारा पीपीपी मॉडल के तहत सड़क निर्माण करवाया था जिसका कार्य 2019 में पूर्ण होना था परन्तु इस कम्पनी के तत्कालीन सरकार के सांठ गांठ की वजह से चूरू में कलेक्ट्रेट से लेकर पंखा सर्किल तक नाला बनाया गया जो कि जर्जरीत अवस्था में है जहां कई लोग गिरकर चोटग्रस्त हो चुके है यहां तक की एक व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु भी हो चुकी है। उसके बावजूद इस कम्पनी ने कार्य पूर्ण नही किया। आई हॉस्पिटल से पंखा रोड़ पर अंडरग्राउण्ड नाला डालना था। नाले अभी तक नही डाले गये जिसके लिए स्थानीय लेगो ने कई बार मांग की एवम् धरना प्रदर्शन किया परन्तु बार बार आश्वासन के बाद भी यह कार्य अभी तक अधुरा पड़ा है। उन्होने मांग करते हुऐ कहा कि इस कम्पनी को ब्लेक लिस्टेड किया जावे एवम् सरकार इस पीपीपी मॉड से हटाकर इस का निर्माण करवाये। उन्होने मांग रखते हुऐ कहा कि चूरू भालेरी सोमासी रोड़ पर जो टोल नाका है अगर उसकी समयावधी पुर्ण हो गई तो उसे बंद किया जावे। चूरू से रिंग रोड़ तारानगर, भालेरी, सरदारशहर रोड़ देपालसर होते हुऐ जिसकी घोषणा भाजपा सरकार ने 2024-25 में कि थी उसके बाद केन्द्र सरकार ने इसके लिए 750 करोड़ रू. जारी किये थे इसकी डीपीआर भी की जा चुकी है परन्तु 4 महिने बीत जाने पर बार बार विभिन्न कम्पनीयों के द्वारा टेंडर में भाग लिया जाता है। परन्तु अब तक इसका टेंडर नही हुआ है। इसलिए शीध्रता से इसका टेंडर करवाकर कार्य प्रारंभ किया जावे। उन्होने प्रदेश सरकार से मांग करते हुऐ कहा कि प्रदेश सरकार शीध्र ही इन जनहित के कार्यो में त्वरित निर्णय लेकर कार्य करेगी।

# लाडनूं : बादेड़ के ग्रामीणों का रंगोत्सव रहा फीका, धरना स्थल पर ही मनाई होली

## *-मुस्लिम समुदाय के संगठन ने दिया धरनें को समर्थन बीजेपी सरकार को नगर निकाय व पंचायत राज चुनावों में सबक सिखाने का लिया संकल्प*

**मोहम्मद अली पठान**



लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। विधानसभा क्षेत्र लाडनूं के किसान अपने वाजिब हक अधिकार की मांग को लेकर पिछले 3 महीनों से आंदोलन कर रहे हैं, राजस्थान की जनविरोधी बीजेपी भजनलाल शर्मा सरकार क्षेत्र की जनता की उम्मीदो पर खरा उतरने में अब तक नाकाम साबित हुई है। सरकार और प्रशासन की लगातार अनसुनी और अनदेखी के चलते इस बार होली के रंगों का त्योहार भी संबंधित क्षेत्र के ग्रामीणो के लिए फीका नजर आया। लाडनूं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत को मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे बादेड़ गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को अपने घरों की बजाय उपखंड मुख्यालय के सामने पीछले तीन महिने से लगातार चल रहे धरना स्थल पर ही होली मनाई। इस दौरान एक-दूसरे से रामा-श्यामा कर आपसी एकता का संदेश दिया। एडवोकेट भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि बादेड़ गांव ग्राम पंचायत मुख्यालय बनने का कानूनी रूप से हकदार है, इसके बावजूद सरकार ने कोयल को मुख्यालय घोषित कर ग्रामीणों के साथ अन्याय किया है। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के सामाजिक संगठन (राजस्थान प्रदेश कायमखानी समाज) के प्रदेश सचिव सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी ने धरनें पर बैठे ग्रामीणों को अपना समर्थन देकर राजस्थान की जनविरोधी बीजेपी सरकार को आगामी नगर निकाय व पंचायत राज चुनावो में सबक सिखाने का लिया संकल्प। इस दौरान धरने पर बैठे ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कायमखानी ने कहा कि आंदोलन को तीन महीने पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक न तो प्रशासन और न ही सरकार की ओर से कोई ठोस सुनवाई तक नही की गई है। जिसके चलते मजबूरन ग्रामीणों को त्योहार जैसे पावन पर्वों पर भी धरना स्थल पर समय बिताना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर एडवोकेट भगवती प्रसाद शर्मा, जाट महासभा अध्यक्ष नाथूराम ठोलिया, सामाजिक कार्यकर्ता मो. मुश्ताक खान कायमखानी, बजरंग लाल, असगर खां खोखर, सलीम लखारा, याकुब सोरघर, अयुब खां मोयल सहित संबंधित क्षेत्र के ग्रामीण गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शेखावत कॉलोनी में महिलाओं ने खेली होली, उड़ी गुलाल



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित शेखावत कॉलोनी में महिलाओं ने जमकर होली खेली। यहां महिलाओं में गुलाल लगाने की होड़ लगी रही। इस दौरान धमालों और राजस्थानी लोकगीतों पर खूब नृत्य किया गया। उल्लेखनीय है कि शेखावत कॉलोनी में महिलाओं द्वारा हर वर्ष होली खेली जाती है। उसी कड़ी में इस बार भी महिलाओं ने बड़े ही उत्साह के साथ होली का पर्व मनाया। इस मौके पर सुनीता कंवर करणपुरा, कंचन कंवर ख्याली, उम्मेद कंवर बाडेट, सुनीता कंवर हडियाल, ऊषा कंवर हडियाल, नवल खारिया, सुमन चूरू, सुमन दूधवाखारा, मीरा कंवर दूधवाखारा, सुमन कंवर मथोडी सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने गुलाल लगाकर होली खेली। इस दौरान शेखावत कॉलोनी रंगमय हो गई।

# सड़क पर मिला मोबाइल फोन मालिक को लौटाया

## *-ईमानदारी जीवन का सबसे बड़ा धर्म- दिनेश बागड़ा*



रेनवाल मांजी (रॉयल पत्रिका)। आज के दौर में जहां एक रुपये के लिए भी लोगों को ईमान डगमगा जाता है। वहीं रातल्या निवासी दिनेश बागड़ा ने महंगे स्मार्ट मोबाइल फोन लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। यह वाक्या गुरूवार सुबह की है। जब सांगानेर निवासी दिनेश बागड़ा किसी काम सी विश्रकर्मा क्षेत्र गये थे। तभी विश्वकर्मा क्षेत्र में राजधानी कृषि उपज मंडी कुकरखेड़ा के समीप एक स्मार्ट मोबाइल फोन सड़क पर गिरा हुआ दिखायी दिया। दिनेश ने अपनी बाइक रोक कर मोबाइल फोन को उठाकर देखा तो महंगा स्मार्ट फोन था। कुछ समय के बाद फोन पर रिंग बजनी शुरू हो गयी। दिनेश ने जैसे ही फोन उठाया वैसे ही फोन पर बात करने वाले ने बताया कि यह मोबाइल उसका है और वह रोड़ न.9 पर स्थित बैंक में गया था। बैंक से वापस घर जाने के क्रम कहीं गिर गया है। मोबाइल मालिक ने मुरलीपुरा के समीप अपना घर बताया और नाम धनुष उपाधयाय बताया। दिनेश ने धनुष को बताया कि मोबाइल उसके पास है, इसे आप ले जा सकते हैं। दिनेश बागड़ा ने धनुष व उनके पुत्र दुर्गेश को अपने घर बुलाकर उसका खोया हुआ फोन वापस कर ईमानदारी की मिसाल पेश की, तो वहीं मोबाइल के मालिक ने दिनेश का तहे दिल से आभार जताते हुए खुशी व्यक्त की और उन्होंने कहा कि अगर यही फोन किसी और को मिला होता तो शायद यह फोन उसके पास नहीं होता। ईमानदारी ही सब कुछ है, यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि इनसे सीख लेते हुए कोई भी कोई वस्तु प्राप्त होने पर या तो थाने में जमा कर दें या उसके वापस कर दें, क्योंकि मोबाइल में बहुत डाटा होता है, बरसों की मेहनत बहुत उपयोगी होती है।

# मासूम मोहम्मद हस्सान ने रखा पहला रोजा



बारां (रॉयल पत्रिका)। रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब ए इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है। रमजान के मौके पर बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। बुधवार को हाजी मोहम्मद सिद्दिक अंसारी कपड़े वालों के पोते ओर साहिल नदीम के 6 वर्षीय बेटे मोहम्मद हस्सान ने अपना पहला रोज़ा मुकम्मल किया। जबकि बड़े भाई 8 वर्षीय मोहम्मद हमजा भी रोज़े रखकर दिन भर परिवार के साथ इबादत में मशगूल रहते हैं, हस्सान ने शाम को मगरिब की अज़ान के साथ रोजा अफ्तार किया। परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं। रमजान के पाक महीने में पूरे इलाके ओर परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहता है।

# सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ की छात्रा विनीता शर्मा का "इंस्पायर अवार्ड" में चयन, विद्यालय में खुशी

**विनोद सोखल**



श्रीगंगानगर/बींझबायला (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत सरस्वती ग्रामोत्थान विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, बींझबायला की कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा विनीता शर्मा पुत्री लीलाधर शर्मा, निवासी गणेशगढ़ का चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। जीव विज्ञान व्याख्याता सुखदीप बराड़ ने बताया कि छात्रा विनीता शर्मा ने बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए एक उपयोगी विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया, जो समाजोपयोगी एवं व्यवहारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी विद्यालय की छात्रा जन्नत झटवाल का चयन इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत हो चुका है। संस्था निदेशक अनिल खालिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था विद्यार्थियों में नवाचार, अनुसंधान एवं वैज्ञानिक सोच को निरंतर प्रोत्साहित करती रही है। वहीं प्रधानाचार्य ओमप्रकाश खुडिया ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। विद्यालय द्वारा समय-समय पर विज्ञान से संबंधित आयोजन, विज्ञान प्रदर्शनियाँ एवं मॉडल प्रस्तुतिकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण, समस्या समाधान क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है।

# चौमूं गांधी चौक में महिला सम्मान समारोह को लेकर बैठक संपन्न



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के गांधी चौक, बुनकर मौहल्ले में बुधवार को बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के तत्वावधान में आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होने वाले महिला का सम्मान समारोह को लेकर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार ने बताया कि समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली समाज की महिलाओं के साथ ही समारोह में शामिल होने वाली सभी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही अधिकाधिक संख्या में महिलाओं को समारोह में पहुंचने के लिए आह्वान किया। महिलाओं ने अधिक से अधिक संख्या में समारोह में पहुंचने के लिए आश्वासन दिया। इसके पश्चात समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर गोविन्दगढ़ पंचायत समिति सदस्य व समारोह के सह संयोजक राधेश्याम खारड़िया, रामकरण गोठवाल, नन्दलाल सौरेला, हेमराज गोठवाल सहित महिलाएं उपस्थित रही।

# मासूम अबनौस अली ने रखा पहला रोजा



बारां (रॉयल पत्रिका) । रहमतों बरकतों ओर इबादतों का पाकीज़ा महीना रमजानुल मुबारक के पाक महीने में मजहब ए इस्लाम के मानने वाले तमाम लोग रोजा रख कर इबादतों में मशगूल है। रमजान के मौके पर बुजुर्ग, नोजवान, महिला, पुरुष रोजा रख रहे हैं वहीं नन्हे बच्चे भी रोज़ा रखकर इबादत में मशगूल है। बुधवार को इमरान खान हाड़ौती टेंट वाले के बेटे अबनौस अली ने अपना पहला रोज़ा मुकम्मल किया। दिन भर परिवार के साथ इबादत में मशगूल रहा ओर शाम को मगरिब की अज़ान के साथ रोजा अफ्तार किया।परिवार के बाकी लोगों को रोज़े रखते देखकर छोटे बच्चे भी रोज़े रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं। रमजान के पाक महीने में पूरे इलाके ओर परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहता है।

# एक के 90 के चक्कर में उड़ रहे कईयों के आशियाने:

# बींझबायला क्षेत्र में अमरबेल की तरह फैल रहा पर्ची सट्टे का अवैध कारोबार




बींझबायला/श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। श्रीगंगानगर जिले के घमुड़वाली थाना क्षेत्र में इन दिनों पर्ची सट्टे का अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। बींझबायला और रिडमलसर सहित आसपास के क्षेत्रों में करीब तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर खुलेआम पर्ची सट्टे की दुकानें संचालित होने की चर्चा है, लेकिन पुलिस इन पर प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम नजर आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले श्रीगंगानगर जिला विशेष टीम ने बींझबायला में कार्रवाई कर पर्ची सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगाने की कोशिश की थी। उस दौरान कुछ दिनों तक यह अवैध धंधा धीमा पड़ा, लेकिन अब फिर से यह कारोबार पहले से ज्यादा तेजी से फैलने लगा है। बताया जा रहा है कि इस अवैध कारोबार को संचालित करने वालों ने बींझबायला और रिडमलसर में दो आलीशान ऑफिस भी बना रखे हैं, जहां से पूरे इलाके में चल रहे सट्टे का हिसाब-किताब रखा जाता है। इन कार्यालयों में दिनभर सट्टे की पर्चियों का रिकॉर्ड रखा जाता है और पूरे नेटवर्क को यहीं से संचालित किया जाता है। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि इस अवैध कारोबार से जुड़े लोग कथित रूप से पुलिस के निचले स्तर से लेकर कुछ उच्च अधिकारियों तक मंथली के रूप में चढ़ावा पहुंचाते हैं। इसी कारण यह अवैध धंधा बिना किसी डर के फल-फूल रहा है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। गांव के लोगों का कहना है कि "एक के 90" के लालच में भोले-भाले लोग सट्टे के जाल में फंसते जा रहे हैं। कई परिवार अपनी मेहनत की कमाई इस अवैध खेल में गंवा चुके हैं। इसका असर यह भी देखने को मिल रहा है कि क्षेत्र में चोरी जैसी घटनाओं में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले क्षेत्र में सट्टे की कुछ ही दुकानें हुआ करती थीं, लेकिन अब यह धंधा अमरबेल की तरह फैलता जा रहा है। लगभग हर गली और चौक के आसपास पर्ची सट्टे का खेल चल रहा है, जिससे युवाओं पर भी बुरा प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि जब तक पुलिस अवैध पर्ची सट्टे की दुकानों पर सख्ती से रोक नहीं लगाएगी, तब तक क्षेत्र में बढ़ रही चोरी और अन्य अपराधों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध सट्टा कारोबार पर तुरंत कार्रवाई कर इसे बंद कराया जाए और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाकर कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए।

## ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के लिए विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

रेनवाल मांजी (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा के ठेकदार छापरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने के लिए विकास अधिकारी माधोराजपुरा को ज्ञापन सौंपा है। छापरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी मोहब्बतपुरा के सभी विकास कार्यों को सम्पन्न किया जाता है। लेकिन छापरिया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कोई भी कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। कौशल्या दास की बावड़ी में फरवरी 2025 से श्मशान घाट के लिए राशि स्वीकृत है लेकिन इस ठेकदार द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है इससे परेशान होकर ग्रामीण जितेन्द्र शर्मा ने विकास अधिकारी माधोराजपुरा को इस ठेकदार को ब्लैकलिस्ट करने हेतु ज्ञापन सौंपा है जिससे ग्राम पंचायत मोहब्बतपुरा में विकास कार्य सम्पन्न हो सके।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'अस्मिता' खेल प्रतियोगिता में जिले की महिलाएं दिखाएंगी दमखम

बारां (रॉयल पत्रिका) । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत केंद्र बारां , स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (खेलो इंडिया केन्द्र बारां) एवं जिला खेल अधिकारी कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 8 मार्च, 2026 को प्रातः 10 बजे से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में महिलाओं और छात्राओं के लिए जिला मुख्यालय पर स्थित खेल संकुल, कोटा रोड, बारां में एक खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है । भारत सरकार के निर्देशानुसार, 'खेलो इण्डिया' और 'अस्मिता' ईनिशिएटिव के तहत यह प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी । प्रतियोगिताओं को तीन आयु श्रेणियों में बांटा गया है- 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष तक, 18 वर्ष से अधिक। इन आयु वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी , साथ ही मनोरंजन के लिए रस्साकसी (नॉन-कम्पिटेटिव) का भी आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए महिलाओं और छात्राओं का पंजीकरण भारत सरकार की माय भारत पोर्टल (https://mybharat.gov.in) एवं एनएसआरएस पोर्टल (https://nsrs.kheloindia.gov.in) पर होना अनिवार्य है। कार्यक्रम से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए जिला माय भारत कार्यालय अथवा जिला खेल अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# पीपल्स ग्रीन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने किया दौरा



चूरू (रॉयल पत्रिका)। पीपल्स ग्रीन पार्टी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी ने अंचल में दौरा किया। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश के महासचिव रणधीर सांगवान, विनोद जाखड़, प्रदीप नेहरा, सुनील कुमार राजपूत ने सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में बेवड़ बोझान, बांगड़वा, कीरतान, गूगलवा, रामपुरा गांव का दौरा किया। गांव के विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पीपल्स ग्रीन पार्टी के बारे में जानकारी दी। सभी साथियों को पार्टी को मजबूत बनाने, पंचायती चुनाव में भागीदार निभाने की अपील की। साथ में ही आगामी माह में पीपल्स ग्रीन पार्टी का अधिवेशन के बारे में अवगत करवाया।पार्टी के नए कार्यकर्ताओं ने पार्टी में अपनी भागीदारी निभाने की बात कही। गांव वासियों ने कहा कि लंबे समय से कांग्रेस व भाजपा से हम परेशान हैं। हम लोग पीपल्स ग्रीन पार्टी के साथ हैं और कार्यक्रम में भागीदारी निभाएंगे।

# खंडेलवाल वैश्य पंचायत का होली मिलन समारोह संपन्न, नरेश खंडेलवाल पुन: अध्यक्ष चुने गए

**शब्बीर हुसैन**



बारां (रॉयल पत्रिका) । खंडेलवाल वैश्य पंचायत का होली मिलन समारोह एवं आमसभा का आयोजन स्थानीय खंडेलवाल वैश्य भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। पंचायत के सचिव हितेश खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आमसभा में विगत वर्ष के आय-व्यय का लेखा-जोखा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही पिछले वर्ष समाज द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों से भी सदन को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समाज ने अपने स्थायी संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। इसके अंतर्गत पंचायत द्वारा समाज हित में छोटे-मोटे आयोजनों के लिए टेंट, कुर्सियां, बिस्तर, रजाइयां, भोजन के बर्तन तथा स्थायी लाइट व्यवस्था जैसी सुविधाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी कराया गया है। चुनाव प्रभारी के रूप में सतीश सेठी एवं ललित मोहन खंडेलवाल को नियुक्त किया गया। इस दौरान प्रेमचंद भीमवाल ने अध्यक्ष पद के लिए नरेश खंडेलवाल का नाम प्रस्तावित किया, जिसका अरुण खारवाल ने अनुमोदन किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ नरेश खंडेलवाल को आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। उन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि नरेश खंडेलवाल लगातार तीसरी बार खंडेलवाल वैश्य पंचायत के अध्यक्ष चुने गए हैं। नरेश खंडेलवाल ने सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ उन्हें पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे उस विश्वास को सदैव बनाए रखते हुए समाज के विकास के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के उपरांत समाज के सभी सदस्यों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 350 से अधिक समाज बंधुओं ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# मिलेट्स हमारे लिए वरदान, सेहत और समृद्धि का आधार - जिला कलक्टर

## -राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कलक्टर काना राम के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को फूल उत्कृष्टता केंद्र में हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक मीणा, नगर परिषद के पूर्व उपसभापति राजेश गोयल एवं जनसुनवाई केंद्र के प्रतिनिधि लालचंद गौत्तम मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर खंड के अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज सिंह ने की। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मिलेट्स (मोटे अनाज) आज के समय में किसानों और आमजन दोनों के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं। मिलेट्स कम पानी और कम लागत में भी अच्छी उपज देने वाली फसलें हैं तथा इनमें आयरन, कैल्शियम, फाइबर, प्रोटीन एवं अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि बाजरा, ज्वार जैसे मोटे अनाज जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच टिकाऊ कृषि का मजबूत आधार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में मिलेट्स के प्रति जागरूकता तेजी से बढ़ी है और इनके उत्पादों की मांग भी बाजार में बढ़ रही है, जिससे किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने किसानों से उन्नत किस्मों, वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों एवं प्रसंस्करण को अपनाने का आह्वान किया ताकि कम लागत में अधिक लाभ अर्जित किया जा सके। अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज सिंह ने किसानों को मिलेट्स की उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी दी और बताया कि समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा समन्वित कीट प्रबंधन अपनाकर उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। संयुक्त निदेशक कृषि लखपत लाल मीणा ने मिलेट्स के पोषण महत्व, विभिन्न उन्नत किस्मों एवं इनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी तथा किसानों को इनके उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र की शस्य वैज्ञानिक डॉ. नूपुर शर्मा ने मोटे अनाजों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीकों, बीज उपचार, फसल प्रबंधन एवं खरपतवार नियंत्रण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी.एल. मीणा ने समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन तथा समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन की तकनीकों के बारे में बताया। गृह वैज्ञानिक डॉ. चमनदीप कौर ने मोटे अनाजों से बनने वाले पौष्टिक व्यंजनों जैसे बाजरे के लड्डू, बर्फी, केक एवं अन्य पारंपरिक व्यंजन की जानकारी देते हुए इनके पोषण महत्व पर प्रकाश डाला तथा इनके प्रसंस्करण के माध्यम से अतिरिक्त आय के अवसरों के बारे में बताया। उपनिदेशक आत्मा अमर सिंह ने किसानों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कृषि अनुसंधान अधिकारी देवेंद्र मीणा ने फूलों की उन्नत खेती के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक कृषि अधिकारी सुरेश स्वर्णकार ने किया तथा अंत में कृषि अधिकारी राजाराम शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर उपनिदेशक फूल उत्कृष्टता केंद्र बृजमोहन मीणा, सहायक निदेशक राधारमण शर्मा, खेमराज मीणा, कृषि अनुसंधान अधिकारी डॉ. किशन गुर्जर, सहायक कृषि अधिकारी विजय जैन, रासबिहारी गुप्ता, कमलेश मीणा, राहुल शर्मा सहित कार्यशाला में 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बॉडी बिल्डिंग के मिस्टर राजस्थान अरशद कुरैशी के जिम पर रोज़ा इफ्तार का आयोजन

## -सौहार्द्रपूर्ण माहौल में की गई दुआ

**हनीस शेख**



हिंडौन (रॉयल पत्रिका)। हिंडौन में कोतवाली थाने के पास स्थित बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर राजस्थान रह चुके अरशद कुरैशी के जिम पर आज रोज़ा इफ्तार की दावत का आयोजन सौहार्द्रपूर्ण माहौल में किया गया। इफ्तार के दौरान रोजेदारों ने एक साथ बैठकर रोज़ा खोला और देश में अमन-चैन तथा दुनिया में खुशहाली की दुआ की। इस अवसर पर पूर्व उपसभापति नफीस अहमद, पार्षद अब्दुल मुगनी खान, निक्की पठान, रिजवान कुरैशी, निजामुद्दीन कुरैशी, अंशु गोयल, थान सिंह, वसीम पठान, अफसर शाह, सद्दाम कुरैशी, आकाश, लव कुश गुर्जर, पंकज बेरवा, आमिर कुरैशी, अंशु सैनी, फिरोज, अदीब अहमद, अरबाज पठान, अफजल पठान, यूनुस चंदू, शोएब खान सहित कई लोग मौजूद रहे। इफ्तार कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया तथा सभी ने मिलकर देश की तरक्की और समाज में शांति बनाए रखने की दुआ की।

# साढ़े तीन साल की नन्ही माहिरा खान ने रोजा रखकर सबको चौंकाया



बारां (रॉयल पत्रिका) । रमजान के पाक महीने में लगातार रोज़े रखकर इबादत का सिलसिला जारी है। रमजान का दूसरा अशरा चल रहा है जिसमें सभी इबादतों में मशगूल है। तालाब पाड़ा निवासी आसिफ मंसूरी उर्फ भैय्याजी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को शहजाद हुसैन की साढ़े तीन साल की नन्ही बेटी माहिरा खान ने अपना पहला रोज़ा रखा, बहुत कम उम्र की होने की वजह से सभी ने दिन भर उसका बहुत ख्याल रखा। शाम को इस नन्ही बच्ची ने जैसे ही रोजा अफ्तार किया वैसे ही परिवार ओर मोहल्ले वासियों ने उसे खूब ईनाम ओर दुआओं से नवाजा, सभी ये देखकर चकित हो गए कि बहुत कम उम्र में बच्ची ने रोजा रखा।

# पीरकामड़िया में जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुनी परिवेदनाएं

## -आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्कूल और मिनी बैंक का किया निरीक्षण



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए गुरुवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। यह जनसुनवाई त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत मुख्य सचिव द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित की गई। टिब्बी के पीरकामड़िया ग्राम पंचायत में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को सुना। उन्होंने परिवेदनाओं के तत्काल निस्तारण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर डॉ. यादव ने इस मौके पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पशु चिकित्सालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सहकारी समिति के मिनी बैंक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर चिकित्सालयों के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सभी प्रकरणों को व्यवस्थित रूप से दर्ज कर आवेदकों को रसीद देने की व्यवस्था की गई तथा सभी प्रकरणों को तीन दिन के भीतर राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर टिब्बी एसडीएम सत्यनारायण सुथार, तहसीलदार हरीश टाक सहित अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

# परिहार निर्विरोध ईकाई अध्यक्ष मनोनीत



पाली (रॉयल पत्रिका)। रावणा राजपूत समाज शिव कॉलोनी ईकाई अध्यक्ष के चुनाव सम्पन्न करवाने को लेकर स्थानीय समाज ईकाई मे आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे ईकाई अध्यक्ष पद पर निर्विरोध मनोनयन किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि स्थानीय इकाई की ओर से सुरेन्द्र सिंह परिहार को सभी की एक राय से निर्विरोध ईकाई अध्यक्ष, करण सिंह चौहान को उपाध्यक्ष एवं सुरेन्द्र सिंह नाहर को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। मनोनयन के बाद सभी पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर चन्द्र सिंह राठौड,धर्मेन्द्र सिंह राठौड, भंवर सिंह गोयल, विक्रम सिंह सोलंकी समेत समाजबंधु मौजूद रहे।

# राणा जी के नोहरे में रोजा इफ्तार की दावत में देश-प्रदेश के लिए अमन चैन की दुआएं की



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर राणा जी का नोहरा भाईजी चोक पर रोजा इफ्तार की दावत समाजसेवी मोहम्मद अली राणा व महमूद राणा की तरफ से रखी गई जिसमें काफी संख्या में रोजेदार व सर्व समाज के लोगों ने शिरकत की ओर देश और प्रदेश के लिए अमन चैन की दुआएं की, रमज़ान के पवित्र महीने में रोज़ा इफ्तार सूर्यास्त के समय रोज़ा खोलने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण और खुशी की रस्म है। दिनभर भूखे-प्यासे रहने के बाद, मुसलमान रोजेदार खजूर, पानी और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ इफ्तार करते हैं। इफ्तार से पहले दुआ पढ़ना और सामूहिक रूप से इसे मनाना भाईचारे को बढ़ाता है। इफ्तार का समय मग़रिब की अज़ान (सूर्यास्त) के साथ शुरू होता है। पैगंबर मुहम्मद साहब के अनुसार, रोज़ा खजूर या पानी से खोलना सुन्नत है। इफ्तार की दुआ: "अल्लाहुम्मा इन्नी लाका सुमतु व बिका आमन्तु व अलैका तवक्कलतु व अला रिज़्किका आफतारतु" (हे अल्लाह, मैंने तेरे लिए रोज़ा रखा और तेरे रिज़्क से इफ्तार किया)। रोजा इफ्तार का समय आत्म-संयम, आभार और अल्लाह की प्रसन्नता प्राप्त करने का समय होता है। और भाईचाराः लोग इसे परिवार, दोस्तों और गरीबों के साथ बांटकर खाते हैं, जिससे समुदाय में एकता और करुणा की भावना मजबूत होती है। इफ्तार सिर्फ भोजन नहीं, बल्कि अल्लाह के करीब आने और रोज़े की इबादत को मुकम्मल करने का एक अनमोल अवसर है। इफ्तार पार्टी में फारूक चौहान, मोहम्मद अली पठान, अलाउद्दीन खान, सरपंच जंगशेर खान पीतीसर, डॉ अख्तर खान, अब्दुल मन्नान शायर, रहमान खान रूकनखानी, इस्माइल डायर, अयूब खान चायल, अब्दुल रहमान राणा, इलियास राणा, यूनुस भाटी, अख्तर चेजारा, यूनस चेजारा आदि सैकड़ो की संख्या में लोगों ने रोजा इफ्तार किया और दुआए की।

# महवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध कट्टा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

## -दो सप्ताह में दूसरी सफलता: हथियार लेकर घूम रहे आरोपी व नाबालिग को पुलिस ने दबोचा

**शफीक अली**

महवा/दौसा (रॉयल पत्रिका)। जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा (आईपीएस) के निर्देशन में महवा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि घटनाक्रम में शामिल एक विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक अवैध 12 बोर देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज राहुल प्रकाश (आईपीएस) व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौसा हेमन्त कलाल (आईपीएस) के निर्देशानुसार अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वृत्ताधिकारी महवा मनोहरलाल मीणा (आरपीएस) के सुपरविजन और थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार मीना के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की। 4 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सेंट जेवियर स्कूल के पास बेड़ा जगरामपुरा बंधा जाने वाले रास्ते पर दो व्यक्ति देशी कट्टा लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दिलीप उर्फ गंजी नट को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक अवैध 12 बोर देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में थाना महवा में प्रकरण संख्या 105/2026 धारा 3/25 व 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ दो सप्ताह में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है और क्षेत्र में अभियान लगातार जारी रहेगा।

# 18 बीबी टोल नाके पर किसानों का धरना जारी

## -प्रशासन से वार्ता बेनतीजा — लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी



**विनोद सोखल**



पदमपुर/श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। पदमपुर-श्रीगंगानगर स्टेट हाईवे पर स्थित 18 बीबी टोल नाके को लेकर क्षेत्र में विवाद गहराता जा रहा है। टोल हटाने या समयावधि बढ़ाने को लेकर किसानों और क्षेत्रवासियों का धरना लगातार जारी है। गुरुवार को भी बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण टोल नाके पर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि टोल की समयावधि समाप्त होने के बावजूद इसे जारी रखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र के किसानों और आमजन पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसी मांग को लेकर किसानों ने लिखित आश्वासन की मांग की है और साफ कहा है कि जब तक प्रशासन लिखित रूप में निर्णय नहीं देता, तब तक धरना जारी रहेगा। इस बीच प्रशासन और टोल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत भी हुई, लेकिन कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकल पाया। वार्ता बेनतीजा रहने के कारण किसानों का धरना लगातार जारी है और आंदोलन तेज होने के संकेत मिल रहे हैं। धरना स्थल पर किसानों और ग्रामीणों ने टोल नाके के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया। किसानों का कहना है कि लंबे समय से मांग उठाई जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्पष्ट निर्णय नहीं लिया गया है। इसी दौरान किसान जागृति यात्रा के तहत किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी पदमपुर पहुंचे, जहां किसानों और क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि देशभर में किसानों के अधिकारों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और किसानों को अपने हकों के लिए एकजुट रहना होगा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में किसान, क्षेत्रवासी और टोल संघर्ष समिति के सदस्य मौजूद रहे। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# आमजन के परिवादों का हो प्राथमिकता से निस्तारण, मिलें बेहतरीन सुविधाएं - सुराणा

## -जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने तारानगर उपखंड की मिखाला में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में सुनीं जनसमस्याएं



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के तारानगर उपखंड क्षेत्र की मिखाला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आईटी सेंटर में आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। विभागीय अधिकारी जनसुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आमजन द्वारा किसी भी माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रकरणवार चर्चा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए व कहा कि प्राथमिकता से आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाएं। अधिकारी नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करें और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के बारे में समुचित प्रचार—प्रसार करते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। जनसुनवाई में विद्युत आपूर्ति में कम वोल्टेज, गांव में पेयजल आपूर्ति में परेशानी, जल जीवन मिशन अंतर्गत पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, आबादी विस्तार सहित कुल 08 प्रकरण प्राप्त हुए, जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने मिखाला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया और वहां बच्चों को दी जा रही सुविधाओं, पोषण व्यवस्था तथा साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य जांच तथा नियमित गतिविधियों के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। एसडीएम राजेन्द्र कुमार ने अधिकारियों को दिशा—निर्देशों की समुचित पालना कर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार हनुमान सिंह, बीडीओ अशोक कुमार सहित सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने बस्सी में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## -तहसील कार्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण



चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका)। जन अभियोगों के त्वरित निस्तारण एवं आमजन को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार मार्च माह के प्रथम गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। यह जनसुनवाई प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जिले की सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित हुई। लोक सेवाओं की सहायक निदेशक ने बताया कि सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर त्वरित समाधान के प्रयास किए जाते हैं।

उपखंड चित्तौड़गढ़ की ग्राम पंचायत बस्सी में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलक्टर आलोक रंजन ने स्वयं उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने एक-एक परिवाद को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को कई मामलों में मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी बीनू देवल, तहसीलदार मुकेश कुमार गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं परिवाद प्रस्तुत किए।

**तहसील कार्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण:-**

जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बस्सी तहसील कार्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।



# अंटार्कटिका में होगी वाराणसी की शूटिंग!

**मुंबई।** बॉलीवुड और तेलुगु सिनेमा के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक वाराणसी ने फिर से सुर्खियाँ बटोरी हैं। प्रियंका चोपड़ा के एक ट्वीट से फैंस में खलबली मच गई है। फैंस फिल्म वाराणसी के बड़े स्तर पर फिल्माए जाने की बात पहले से जानते हैं, लेकिन हाल ही में प्रियंका ने जो कहा, उससे एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब लोग ये सोच रहे हैं कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी। जब महेश बाबू ने प्रियंका की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द ब्लफ की तारीफ की और प्रियंका को 'टॉप फॉर्म' बताया, तो प्रियंका ने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, 'जल्द ही अंटार्कटिका में मिलते हैं।'



## लाइफ Style

# नरगिस

## दुबई में सता रहा डर, नहीं आ रही नींद

अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद से ही हर किसी के दिल में डर सा बैठ गया है। लगातार तबाही की खबरों ने सबको बेचैन कर दिया है। ऐसे में बॉलीवुड और साउथ फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियां इस संकट में फंस गई हैं। जहां कई सेलेब्स हवाई यात्रा पूरी तरह से बंद होने के कारण एयरपोर्ट पर अटकी हुई हैं, वहीं नरगिस फाखरी जैसी एक्ट्रेस दुबई में 'हाई अलर्ट' की स्थिति में रहने पर बात कर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'रॉकस्टार' की एक्ट्रेस नरगिस फाखरी कथित तौर पर अपने पति टोनी बेग के साथ दुबई में रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ड्रोन और मिसाइल हमलों के खतरे के बीच अपनी मानसिक स्थिति के बारे में खुलकर बताया। नरगिस ने खुलासा किया कि उन्हें नींद नहीं आ रही है और लगातार अनिश्चितता के कारण उनका दिमाग 'हाई अलर्ट' पर है। इससे पहले एक इंस्टाग्राम स्टोरी में फाखरी ने लिखा था, 'पिछले दो दिन बहुत ही मुश्किल भरे रहे हैं।' एक और पोस्ट में, नरगिस फाखरी ने लिखा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, चिंता और भय की यह भावना बनी रहती है क्योंकि आपको पता ही नहीं होता कि आगे क्या होने वाला है। नींद भी नहीं आती, दिमाग हमेशा अलर्ट रहता है। बहुत रात हो गई है और मैं पूरी तरह से जाग रही हूं।' वहीं, फेमस बंगाली एक्ट्रेस सुभाश्री गांगुली और उनका बेटा दुबई में फंसे लोगों में शामिल हैं। उनके पति, निर्देशक और तृणमूल कांग्रेस के विधायक राज चक्रवर्ती ने कोलकाता में मीडिया से इस स्थिति के बारे में बात की। राज ने बताया कि संघर्ष शुरू होने के समय सुभाषश्री अपने नाबालिग बेटे के साथ दुबई में छुट्टियां मना रही थीं। उन्होंने कहा, 'वे एक होटल में सुरक्षित हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# दिल्ली- मुंबई में करेंगी परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** करीब दो दशकों के बाद भारत में शकीरा को लेकर एक बार फिर से फैन्स के बीच चर्चा तेज हो गई है। ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करने के लिए यहां आ रही हैं। शकीरा के कॉन्सर्ट दिल्ली और मुंबई दोनों जगह होने हैं। आइए जानते हैं पॉर सिंगर के शो के लिए फ्रंट सीट के लिए आपको कितने रुपये खर्च करने होंगे। म्यूजिक और खासकर पॉप के फैन्स के लिए ये एक फेस्टिवल से कम नहीं। शकीरा भारत के दो शहरों मुंबई और दिल्ली में कॉन्सर्ट करने जा रही है।



# अवॉर्ड जीतने के बाद दी इमोशनल स्पीच

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर माइकल बी जॉर्डन ने 2026 एक्टर अवाइर्स में बड़ी जीत हासिल की है। उन्हें 'सिनर्स' में उनकी शानदार परफॉर्मेंस के लिए लीडिंग रोल में मेल एक्टर द्वारा आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस का अवॉर्ड मिला। रयान कूगलर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन की दोहरी भूमिका है। अवॉर्ड लेने जब वे मंच पर पहुंचे तो उन्होंने अपनी मां के लिए इमोशनल स्पीच दी। माइकल ने अवॉर्ड लेते हुए अपने संघर्ष भरे दिनों को याद किया और उनका जिक्र किया। अभिनेता ने कहा, 'मॉम, मुझे न्यूयॉर्क लाने-ले जाने के लिए आपका बहुत शुक्रिया। हमारे पास जब हॉलैंड टनल से जाने के लिए पैसे नहीं थे, जब मैं अपने ऑडिशन के लिए वहां गया था। इसके लिए आपको बहुत शुक्रिया'।



# मां बनने के बाद बदला दीपिका का नजरिया

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद अपने 'टॉक्सिक ट्रेट' के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि वह बेटी से ब्रेक की चाहती हैं। 24 घंटे शांति चाहती हैं, लेकिन उसके बिना रह भी नहीं सकती हैं। वह अपने बेटी दुआ से दूर नहीं रह सकती हैं। दीपिका पादुकोण ने वीडियो पर कैप्शन में लिखा, 'मैंने कह दिया! मेरा टॉक्सिक ट्रेट है कि मैं अपने बच्चे से इतना प्यार करती हूं कि मैं नहीं चाहती कोई और उसे देखे... लेकिन मुझे ब्रेक की बहुत जरूरत है... लेकिन मैं अपने बच्चे के बिना रह नहीं सकती... लेकिन मुझे 24 घंटे की शांति चाहिए... लेकिन मैं फिर भी 24/7 उसके साथ रहना चाहती हूं।' दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद अपनी बेटी के बारे में कम लेकिन सोच-समझकर बात की है। उन्होंने मदरहुड को जिंदगी बदलने वाला, ग्राउंडिंग और बेहद भावुक अनुभव बताया है।



# सोहम की तुम्बाड-2 में हुई नवाजुद्दीन की एंट्री

**मुंबई।** तुम्बाड के प्रोड्यूसर सोहम शाह ने इसके दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर एक खास कलाकार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की जानकारी दी है। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब 'तुम्बाड 2' में नजर आएंगे। इस बात की जानकारी खुद सोहम शाह ने दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वे नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आए। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- 'हमें इस बात की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे समय के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी 'तुम्बाड 2' फिल्म के साथ जुड़ गए हैं।' माना जा रहा है कि अपनी लेयर्ड, अनप्रेडिक्टेबल और इमोशनल एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले नवाजुद्दीन फिल्म के सीक्वल में बहुत जरूरी रोल निभाएंगे।

## टीवी मसाला




# संकट में आईएएस अभिलाष की नौकरी, टूटे सारे रिश्ते

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म, प्राइम वीडियो ने सोमवार को अपनी सुपरहिट हिंदी ड्रामा सीरीज ' एस्पिरेंट्स सीजन 3 ' की वर्ल्डवाइड रिलीज डेट 13 मार्च घोषित कर दी है। द वायरल फीवर ने इसे बनाया है और दीपेश सुमित्रा जगदीश ने डायरेक्ट किया है। इसमें नवीन कस्तुरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सन्नी हिंदुजा, नमिता दुबे और टेंगम सेलिन मुख्य रोल में हैं, और जतिन गोस्वामी नई एंट्री हैं। नया सीजन डीएम अभिलाष की कहानी दो टाइमलाइन में दिखाता है। अभी के समय में, संदीप ओझा द्वारा लगाए गए आरोपों के कारण अभिलाष के खिलाफ जांच शुरू हो जाती है, जिससे उसके दोस्तों और परिवार के साथ रिश्ते खराब होने लगते हैं और करियर पर भी संकट आ जाता है। वहीं पास्ट में, आईआरएस बनने के बाद, युवा अभिलाष आखिरी बार आईएएस की तैयारी करने का फैसला करता है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर 13 मार्च को भारत और दुनिया भर में प्राइम वीडियो पर होगा। अमेजन प्राइम वीडियो इंडिया के कंटेंट लाइसेंसिंग डायरेक्टर, मनीष मेघानी ने कहा, 'प्राइम वीडियो पर हम दर्शकों के लिए ऐसी कहानियां लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो असलियत से जुड़ी हों और आज के समय को दर्शाती हों। एस्पिरेंट्स ने अपनी ईमानदारी से सपनों, महत्वाकांक्षाओं और जिम्मेदारियों को दिखाकर दर्शकों के साथ गहरा रिश्ता बना लिया है। द वायरल फीवर के साथ हमारे पुराने सहयोग ने हमें कई सीजन तक इस कहानी को जोश के साथ आगे बढ़ाने में मदद की है, और हम एस्पिरेंट्स का अगला चैप्टर भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए बहुत खुश हैं।'

## 150 बच्चों को 11 रुपए में पढ़ाया

**नई दिल्ली।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के चौथे सीजन के पहले एपिसोड के रिलीज होने की तैयारी के साथ ही लोगों में उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस नए एपिसोड ने अपनी स्टार-स्टडेड गेस्ट लिस्ट की वजह से सबका ध्यान खींचा है, जिसमें खान सर, अलख पांडे और नितिन विजय जैसे शिक्षक शामिल हैं। इतने लोकप्रिय कलाकारों के साथ, दर्शक मजेदार बातचीत, पर्दे के पीछे की कहानियों और खूब हंसी-मजाक की उम्मीद कर सकते हैं। यह एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो चुका है। इंटरनेट पर छा रहे एक वीडियो में खान सर ने बताया है कि उन्होंने इतने सारी बच्चों को पढ़ाया है कि देश के हर डिपार्टमेंट में उनका पढ़ाया बच्चा है। खान सर ने कहा, 'मुंबई रेलवे स्टेशन पर 100-150 बच्चे जॉब कर रहे हैं, जिनको 11 रुपए में हमने पढ़ाया है लॉकडाउन में। उस 11 रुपए में करवाई गई पढ़ाई की नतीजा है कि आज कोई भी डिपार्टमेंट ऐसा नहीं है देश का जहां मेरा पढ़ाया हुआ बच्चा नहीं है।' ऑनलाइन क्लास का क्या फायदा है, बताते हैं, अभी वो आ नहीं पाए यहां जीशान, वो बैंड पार्टी में गाना गाते थे।



# एलनाज, मंदाना समेत कई ईरानी एक्ट्रेस ने कमाया नाम







**मुंबई।** ईरानी मूल की बॉलीवुड एक्ट्रेस एलनाज नोरौजी ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए ईरान के नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर खुशी जाहिर की। इस वजह से वह खबरों में आ गईं। हम आपको बता रहे हैं कि एलनाज नोरौजी के अलावा बॉलीवुड में ईरानी मूल के एक्टर्स कौन-कौन हैं।

**एलनाज नोरौजी** : एलनाज नोरौजी लगभग 9 साल से बॉलीवुड में सक्रिय है, वह ईरानी हैं। बॉलीवुड फिल्मों में अपने अभिनय और डांस के लिए जानी जाती हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज सेक्रेड गेम्स के अलावा कई बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

**मंदाना करीमी** : एलनाज नोरौजी के अलावा मंदाना करीमी भी ईरान से संबंध रखती हैं। वह चर्चित मॉडल रही हैं। मंदाना करीमी भी बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर चुकी हैं। भाग जॉनी और क्या कूल हैं हम 3 जैसी फिल्मों में उन्होंने एक्टिंग की है।

**सज्जाद डेलाफ्रूज** : सज्जाद डेलाफ्रूज एक ईरानी एक्टर हैं। वह हिंदी फिल्मों में भी नजर आए हैं। सलमान खान की फिल्म टाइगर जिंदा है में उन्हें देखा गया था। इसके अलावा वह सीरीज स्पेशल ऑप्स में भी दिखाई दिए थे।

**जॉन अब्राहम और बोमन ईरानी का भी ईरान से नाता** : बोमन ईरानी और जॉन अब्राहम बॉलीवुड के नामी एक्टर्स हैं। इनका भी ईरान से गहरा नाता है। जॉन अब्राहम का जन्म मुंबई में हुआ, उनके पिता केरल के मलयाली सीरियन क्रिश्चियन हैं और मां ईरानी जोरोस्ट्रियन हैं। वहीं, बोमन ईरानी का जन्म मुंबई के एक ईरानी जोरोस्ट्रियन परिवार में हुआ था। इन दोनों एक्टर्स की जड़े ईरान से जाकर जुड़ती हैं।

# ईरान की कई फिल्मों को मिला ऑस्कर अवॉर्ड तीन को मिला नामांकन, दुनियाभर में सराहा गया

**नई दिल्ली।** इन दिनों ईरान में बुरे हालात हैं। शनिवार को अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी हमले किए। ईरान फिल्मों के लिहाज से बहुत समृद्ध है। यहां कई बेहतरीन फिल्में बनी हैं। कई फिल्मों को दुनियाभर में सराहा गया है। ईरान की कई फिल्मों को ऑस्कर अवॉर्ड मिले हैं। कुछ फिल्में ऑस्कर में पहुंची।

*चिल्ड्रन ऑफ हेवन ऑस्कर के लिए नामांकित :* साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'चिल्ड्रन ऑफ हेवन' साल 1999 में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नामांकित हुई थी। इसके निर्देशक माजिद मजीदी हैं। इसे सबसे अच्छी विदेशी भाषा की फिल्म कैटेगरी में नामांकन मिला। इस फिल्म में भाई-बहन की कहानी दिखाई गई है, जो गरीबी में एक दूसरे की मदद करते हैं। 2010 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'बम बम बोले' इसी से प्रेरित है।





*ए सेपरेशन ने जीता ऑस्कर :* फिल्म 'ए सेपरेशन' साल 2011 में रिलीज हुई थी। साल 2012 में यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड जीतने में कामयाब रही थी। फिल्म को सबसे अच्छी पटकथा के लिए अवॉर्ड मिला था। यह ईरान की सबसे पहली फिल्म थी जिसे यह अवॉर्ड मिला था। इसके निर्देशक असगर फरहदी थे। फिल्म में पति-पत्नी के रिश्ते के बीच तनाव दिखाया गया है। इसके अलावा एक प्रेग्नेंट महिला का संघर्ष दिखाया गया है।

*द सेल्समैन को मिला ऑस्कर :* फिल्म 'द सेल्समैन' साल 2016 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन असगर फरहदी ने किया था। इसे सबसे अच्छी विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था। इसमें एक कपल की कहानी दिखाई गई है, जो पहले अच्छे से रहते हैं, लेकिन नए अपार्टमेंट में शिफ्ट होने के बाद उनके बीच तनाव पैदा हो जाता है।

## 15 वर्षों में पहली बार है, जब सिनेमाघरों में होली पर कोई फिल्म नहीं हो रही है रिलीज

# होली पर खाली रहेगा बॉक्स ऑफिस, ईद पर होगी दो फिल्मों में भिड़ंत

*नई दिल्ली। इस होली पर 15 वर्षों का रिकॉर्ड टूटने वाला है। साल 2011 के बाद यह पहली बार है, जब होली के मौके पर कोई फिल्म नहीं रिलीज होगी। सिनेमा प्रेमी अक्सर त्योहारों पर सिनेमाघरों में जाना पसंद करते हैं। चार मार्च को होली है। इस मौके पर कोई भी बॉलीवुड फिल्म नहीं रिलीज हो रही है। 15 वर्षों में यह पहली बार है, जब सिनेमाघरों में होली पर कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। होली के कुछ ही दिनों बाद ईद है। ईद के मौके पर दो बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।*

### क्या ईद की वजह से होली पर नहीं आ रही फिल्म?

अक्सर ऐसा होता है कि बड़े त्योहारों पर कोई बड़ी फिल्म रिलीज होती है। हालांकि इस होली पर ऐसा नहीं हो रहा है। दर्शकों को यह काफी खटक रहा है। कई लोगों का कहना का इस बार होली पर फिल्म रिलीज न होने की वजह यह है कि ईद पर दो बड़ी फिल्में 'धुरंधर' और 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं।

### सिनेमाघरों के लिए मुश्किल समय

साल 2011 के बाद यह पहली बार है जब बड़े पर्दे पर होली के मौके पर कोई बड़ी फिल्म नहीं रिलीज हो रही है। बताया जाता है कि सिनेमाघरों के लिए खुद का खर्च निकालना मुश्किल हो रहा है। इन दिनों सिनेमाघरों में 'द केरल स्टोरी 2' चल रही है। यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। 'ओ रोमियो' भी थकने लगी है। 'अस्सी' को दर्शक देखने को नहीं तैयार हैं।





### होली पर आईं हिट फिल्में

पिछले कुछ वर्षों में होली के मौके पर रिलीज हुई फिल्मों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जिन फिल्मों ने होली के मौके पर सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया है, उसमें तू झूठी मैं मक्कार (2023), केसरी (2019), बद्रीनाथ की दुल्हनिया (2017) और कहानी (2012) शामिल हैं

### फिल्म मेकर्स में ईद को लेकर दौड़

19 मार्च यानी ईद के मौके पर फिल्म 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' रिलीज होने वाली हैं। ये दोनों बड़ी फिल्में हैं, इसलिए इस डेट के आस-पास सभी फिल्मों ने अपनी रिलीज डेट बदल दी है। कुछ लोग इस बात से नाराज हैं कि दोनों फिल्में ईद पर रिलीज हो रही हैं। उनका मानना है कि अगर इन फिल्मों के मेकर्स में ईद को लेकर होड़ न होती तो एक फिल्म होली पर रिलीज हो सकती थी।

### होली पर फ्लॉप फिल्में...

ऐसा भी नहीं है कि होली पर सिर्फ हिट फिल्में ही आई हैं। इस मौके पर रिलीज हुई कई फिल्में फ्लॉप भी रही हैं। इसमें अजय देवगन की फिल्म हिम्मतवाला (2013) का नाम आता है। इसके अलावा अक्षय कुमार की फिल्म बच्चन पांडे (2022) भी शामिल है।

### 2011 में क्यों नहीं रिलीज हुई फिल्म

साल 2011 में होली के मौके पर कोई फिल्म इसलिए रिलीज नहीं हुई थी, क्योंकि तब क्रिकेट वर्ल्ड कप था। इसी तरह से 2003 में भी होली के मौके पर क्रिकेट वर्ल्ड कप की वजह से फिल्म नहीं रिलीज हुई थी। वर्ल्डकप के वक्त कम ही लोग सिनेमाघरों में जाते हैं।



# बार्सिलोना से 3-0 से हार के बावजूद एटलेटिको मैड्रिड कोपा डेल रे के फाइनल में

■ पहले चरण के मैच में 4-0 से जीत हासिल की थी

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

मैड्रिड ने मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना से दूसरे चरण में 3-0 से हारने के बावजूद पहले चरण के अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर 13 साल में पहली बार कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। एटलेटिको ने पिछले महीने मैड्रिड में खेले गए पहले चरण के मैच में 4-0 से जीत हासिल की थी। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-3 के स्कोर के साथ फाइनल में प्रवेश किया। एटलेटिको ने 2012-13 के सत्र में अपनी 10वीं कोपा ट्रॉफी जीती थी लेकिन इसके बाद उसकी टीम फाइनल में जगह नहीं बना पाई थी। दूसरे सेमीफाइनल का दूसरा चरण बुधवार को खेला जाएगा, जिसमें रियाल सोसिदाद का सामना एथलेटिक बिलबाओ से होगा। सोसिदाद ने पहले चरण में एथलेटिक को 1-0 से हराया था।



## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान की टीम में छह नए चेहरे

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए बुधवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम में छह नए खिलाड़ियों को शामिल किया। यह सीरीज 11 मार्च से खेली जाएगी। दूसरा वनडे 13 और तीसरा वनडे 15 मार्च को खेला जाएगा। सभी मैच ढाका के शेरे बांग्ला क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। जिन नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है उनमें माज सदाकत, शमील हुसैन, गाजी घोरी, साद मसूद और अब्दुल समद शामिल हैं। टीमः शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हुसैन तलत, माज सदाकत, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, मुहम्मद गाजी गोरी (विकेटकीपर), साद मसूद, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा और शमील हुसैन।

### रोहित और विराट के लिए वनडे मैचों की संख्या बढ़ा सकता है बीसीसीआई



**मुंबई।** रोहित शर्मा और विराट कोहली की विश्व कप 2027 की तैयारियों के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बीसीसीआई के सामने एक खास प्रस्ताव रखा है। भारतीय टीम छह साल बाद न्यूजीलैंड में एक पूर्ण द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मुकाबले खेले जाने हैं। लेकिन न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बीसीसीआई से वनडे मैचों की संख्या तीन से पांच करने का अनुरोध किया है। साथ ही टी-20 मैचों को पांच की जगह तीन करने का प्रस्ताव दिया है। सूत्रों के अनुसार, न्यूजीलैंड क्रिकेट ने भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े सितारे रोहित शर्मा और विराट कोहली के कारण इस दौरे में बदलाव करने का अनुरोध किया है। विराट और रोहित टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके हैं और केवल वनडे क्रिकेट खेलते हैं।

### आईपीएल शेड्यूल 2 पार्ट में रिलीज होगा, बेंगलुरु में ही फाइनल खेला जाएगा

**मुंबई।** आईपीएल का शेड्यूल 2 पार्ट में रिलीज किया जाएगा। आईपीएलगवर्निंग काउंसिल (जीसी) ने कन्फर्म किया कि पहले पार्ट का शेड्यूल 6 या 7 मार्च को अनाउंस होगा। सोमवार को जीसी ने ऑनलाइन मीटिंग की और 19वें सीजन के शेड्यूल को चुनाव के कारण 2 फेज में बांटने का फैसला किया। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी संतोष मेनन ने कन्फर्म किया कि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही ओपनिंग और फाइनल मैच खेले जाएंगे। बेंगलुरु इस बार अपने 5 होम मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलेगी।

### पीसीबी ने सरफराज अहमद को मुख्य कोच का पद देने की पेशकश की

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पूर्व कप्तान सरफराज अहमद के सामने पाकिस्तान की टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव रखा है। पीसीबी 38 वर्षीय सरफराज से यह पद संभालने के लिए उनकी पुष्टि का इंतजार कर रहा है। अगर सरफराज यह पद स्वीकार करते हैं तो वह सबसे युवा मुख्य कोच बन जाएंगे। पाक का आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत इस साल टेस्ट मैचों का कार्यक्रम काफी व्यस्त है।

## एक दूसरे के खेल की अच्छी समझ रखने वाली टीमों के बीच होगी श्रेष्ठता की जंग

# टी-20 वर्ल्डकप : भारत-इंग्लैंड में सेमीफाइनल की जंग आज

■ संजू और अभिषेक पर होंगी सबकी निगाहें

भाषा ▶▶ मुंबई

सेमीफाइनल के सफर तक बीच में लड़खड़ाने वाली भारतीय टीम को अब गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले टी20 विश्व कप के अंतिम चार के मुकाबले में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाजों की चुनौती का सामना करना होगा जिसमें दोनों टीम एक दूसरे पर अपनी श्रेष्ठ साबित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत में प्रबल दावेदार मानी जा रही भारतीय टीम प्रतियोगिता में मजबूत टीमों के खिलाफ एक भी मैच में शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाई। भले ही उसने ग्रुप चरण के अपने सभी मैच जीते लेकिन सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार से उसकी कमजोरियां भी सामने आ गई।

इसके बाद हालांकि भारतीय टीम ने लचीला दृष्टिकोण अपनाया जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही। संजू सैमसन को पावरप्ले में बाएं हाथ के शीर्ष तीन बल्लेबाजों की मौजूदगी को खत्म करने के लिए फिर से अंतिम एकादश में जगह दी गई और उसका यह फैसला कारगर साबित हुआ। भारत के लिए पदार्पण करने के 10 साल से अधिक समय बाद सैमसन ने आखिरकार भारत की तरफ से अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की नाबाद पारी खेलकर बड़े मंच पर अपनी छाप छोड़ी। उस विशेष प्रदर्शन के बाद इस 31 वर्षीय खिलाड़ी का आत्मविश्वास चरम पर होगा और भारत को उम्मीद होगी कि सेमीफाइनल में इसका असर उनके सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा पर भी पड़ेगा। खेल में कब किसकी किस्मत चमकने लग जाए कहा नहीं जा सकता। विश्व कप से पहले अभिषेक अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में थे, जबकि सैमसन को न्यूजीलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण अंतिम एकादश में अपनी जगह गंवानी पड़ी थी। अब हालात बदल गए हैं और अभिषेक को आत्मविश्वास बढ़ाने वाली शानदार पारी की सख्त जरूरत है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने सुपर आठ में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक तो बनाया, लेकिन अभी भी वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म से काफी दूर हैं। इंग्लैंड ने इन दोनों सलामी बल्लेबाजों के लिए अपनी रणनीति तैयार कर रखी होगी। जोफ्रा आर्चर शरीर को निशाना बनाकर की गई शॉर्ट पिच गेंदों से सैमसन की परीक्षा ले सकते हैं, जिन्हें अतीत में इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा है। दूसरी तरफ विल जैक्स पावरप्ले में अपनी ऑफ स्पिन गेंदबाजी से अभिषेक को परेशान कर सकते हैं। बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने भी शुरुआती छह ओवरों में गेंदबाजी की है।





### टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, ईशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**इंग्लैंडः** हैरी ब्रुक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टोंग, ल्यूक वुड। मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होगा।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा

भारतीय टीम को आदिल राशिद के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मंगलवार को तीन घंटे के अभ्यास सत्र में सलामी बल्लेबाजों और बाकी भारतीय बल्लेबाजों ने इन सभी चुनौतियों को ध्यान में रखा। टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत के बाद ईशान किशन का प्रदर्शन फीका पड़ गया है और उन्हें फिर से बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या आईपीएल के अपने घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। छोटी बाउंड्री वाले मैदान पर अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी के पास गलती की गुंजाइश नहीं होगी।

### सही लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी

वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कुछ महंगे साबित होने के बाद वरुण को लगातार सही लेंथ पर गेंदबाजी करनी होगी। जसप्रीत बुमराह हमेशा की तरह शानदार रहे हैं, लेकिन आखिरी पांच ओवरों में गेंदबाजों को थोड़ा और बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। यह देखना दिलचस्प होगा कि सूर्यकुमार किस तरह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हैं, क्योंकि शिवम दुबे छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में बहुत सफल नहीं रहे हैं। कुलदीप यादव को टीम में रखना आकर्षक विकल्प रहा है, लेकिन भारत का अपनी अंतिम एकादश में फेरबदल करने की संभावना कम ही है। सेमीफाइनल जिस पिच पर खेला जाएगा, उस पर अभी तक दो मैच खेले गए हैं।

### तीसरी बार होगा आमना-सामना

भारत और इंग्लैंड लगातार तीसरी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में एक-दूसरे का सामना करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 में भारत को करारी शिकस्त दी थी। भारत ने 2024 में गयाना में इसका बदला चुकता कर दिया था। इंग्लैंड को वर्तमान टूर्नामेंट में हैरी ब्रूक और जैक्स ने मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला है जबकि ऑलराउंडर सैम कुरेन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस मुकाबले से पहले सारा ध्यान खराब फॉर्म में चल रहे जोस बटलर पर केंद्रित रहा है और यह देखना बाकी है कि इंग्लैंड की सीमित ओवरों की टीम का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अपनी लय हासिल कर पाएगा या नहीं। दोनों टीम एक दूसरे के खेल से अच्छी तरह परिचित हैं और ऐसा नहीं कहा जा सकता कि किसी टीम को कुछ विशेष फायदा मिलेगा।

## टी20 विश्व कप में बना सबसे अधिक दर्शक संख्या का नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली (भाषा)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बुधवार को बताया कि मौजूदा टी20 विश्व कप ने प्रसारण के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं क्योंकि इस टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या 50 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी है, जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक है। आईसीसी ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दर्शकों की संख्या के मामले में कुछ लक्ष्य तय किए थे और वह उन्हें हासिल करने में सफल रहा। शाह ने एक्स पर लिखा, "आईसीसी टी20 विश्व कप का सफर इसे वैश्विक और सहज क्रिकेट प्रतियोगिता बनाने के लक्ष्य के साथ शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि भारत में हो रही इस प्रतियोगिता में दर्शकों की संख्या 50 करोड़ से अधिक हो गई है, जो टी20 विश्व कप के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक संख्या है।" उन्होंने कहा, "यह देखकर बेहद खुशी हुई कि जियो हॉटस्टार पर टूर्नामेंट को देखने वाले दर्शकों की संख्या छह करोड़ 50 लाख तक पहुंच गई है। टूर्नामेंट के नॉकआउट मैच आज रात से शुरू हो रहे हैं और हमें उम्मीद है कि भारतीय प्रशंसकों से हमारी इस प्रतियोगिता को मिलने वाला अपार प्यार और भी रिकॉर्ड बनाने में मदद करेगा।" टूर्नामेंट के दो सेमीफाइनल और फाइनल अभी खेले जाने बाकी हैं, लेकिन उसने 2024 में अमेरिका में खेले गए टूर्नामेंट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड पहले ही तोड़ दिया है।

## सालाह के गोल के बावजूद वॉल्व्स से हारा लिवरपूल



**लंदन।** मोहम्मद सालाह के गोल के बावजूद लिवरपूल को इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे निचले पायदान पर काबिज वॉल्वरहैम्पटन से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। ब्राजील के मिडफील्डर आंद्रे ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल दागकर लिवरपूल की अगले सत्र में चैंपियंस लीग में खेलने की उम्मीदों को झटका दिया। मैच का नाटकीय अंत देखने को मिला जब सालाह ने 83वें मिनट में गोल करके लिवरपूल को बराबरी पर ला दिया। यह उनका प्रीमियर लीग में 10 मैचों में पहला गोल था। सालाह के गोल से कुछ समय पहले रॉड्रिगो गोम्स ने 78वें मिनट में वॉल्व्स को बढ़त दिलाई थी।

## महिला हॉकी बलजीत कौर ने कहा, गति और युवा जोश से भारत को फायदा मिलेगा

भाषा ▶▶ हैदराबाद

भारतीय महिला टीम की मिडफील्डर बलजीत कौर ने यहां एफआईएच विश्व कप 2026 क्वालीफायर से पहले महिला हॉकी टीम की क्षमता पर भरोसा जताया और कहा कि तेज गति से खेलने और युवा खिलाड़ियों मौजूदगी का टीम को फायदा मिलेगा। भारतीय टीम हैदराबाद में होने वाले क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रही है और 24 वर्षीय कौर उन खिलाड़ियों में से एक हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने और भारत को इस साल के अंत में होने वाले महिला एफआईएच हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कौर ने कहा, "हमारा लक्ष्य जीत हासिल करना और विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं ताकि हम देश के लिए पदक जीत सकें।" उनका यह भी मानना है कि मौजूदा टीम कुछ खास हासिल करने के लिए बेहद संतुलित है।



उन्होंने कहा, "टीम में कई युवा और तेजतर्रार खिलाड़ी हैं और यह एक बहुत अच्छा संयोजन है। टीम के भीतर तालमेल अच्छा है और फिटनेस का स्तर भी काफी बेहतर है।" टूर्नामेंट की तैयारियों के बारे में कौर ने कहा कि टीम ने अभ्यास शिविर में काफी मेहनत की है और इसका उसे फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, "शिविर बहुत अच्छा रहा और अभ्यास सत्र बढ़िया थे। हमने शॉट लगाने सहित विभिन्न पहलुओं पर काम किया। शिविर में आने से पहले मेरा एक मुख्य लक्ष्य अपनी फिटनेस में सुधार करना था। मैंने अभ्यास के दौरान इस पर काफी काम किया।" भारत विश्व कप क्वालीफायर में आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह नौ और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगा।

## महिला एशियाई कप में जापान ने ताइवान को 2-0 से हराया



**पर्थ (एजेंसी)।** मोमोको तानिकावा और किको सेइके के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से जापान ने बुधवार को भीषण गर्मी और ताइवान के मजबूत रक्षात्मक खेल पर काबू पाते हुए महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप सी में 2-0 से जीत हासिल की। जापान ने 2014 और 2018 में लगातार खिताब जीते और उसे इस बार भी खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। ग्रुप ए के मैच में सैम केर के गोल की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पिछले रविवार को फिलीपींस पर 1-0 से जीत के साथ शुरुआत की, जबकि 2024 के उपविजेता दक्षिण कोरिया ने ईरान को 3-0 से हराया। ग्रुप बी में म्यूंग यू जोंग ने पहले हाफ में हैट्रिक बनाई जिससे उत्तर कोरिया ने उज्बेकिस्तान को 3-0 से पराजित किया जबकि मौजूदा चैंपियन चीन ने बांग्लादेश को 2-0 से हराया।

### प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव : गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसके

# अरविंद ने विश्व चैंपियन गुकेश को हराया

भाषा ▶▶ प्राग

मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के छठे दौर में सटीक रणनीति अपना अपनाकर हमवतन डी गुकेश को हराया जिससे मौजूदा फिडे विश्व चैंपियन अंतिम स्थान पर खिसक गया। अरविंद की जीत का मतलब है कि गुकेश अब लाइव रेटिंग सूची में 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। किसी प्रतियोगिता में नहीं खेलने के कारण विश्वनाथन आनंद इस सूची में शामिल नहीं हैं। दिसंबर 2024 में खिताब जीतने के बाद से गुकेश को विश्व चैंपियन का अपना रुतबा बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। जनवरी 2025 में टाटा स्टील मास्टर्स टूर्नामेंट एकमात्र अपवाद था, जब पहले स्थान के लिए खेले गए टाईब्रेकर में वह हमवतन आर प्रज्ञानंदा से हार गए थे। अरविंद ने काले मोहरों से खेलते हुए फिलिडोर डिफेंस का प्रयोग बुरी तरह विफल होने के बाद सिसिलियन डिफेंस अपनाया। गुकेश के लिए मुश्किलें खड़ी करना आसान था क्योंकि मिडिल गेम के शुरू में उन्होंने अपना एक प्यादा कुर्बान कर दिया था। अरविंद ड्रॉ से खुश हो जाते लेकिन गुकेश ने 40वीं चाल में गलती की। अरविंद ने इसका फायदा उठाकर 48 चाल में जीत हासिल कर दी। दिन के अन्य मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से जोर्डन वैन फोरेस्ट 4.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बनाए हुए हैं। उन्होंने स्थानीय स्टार डेविड नवारा के साथ अंक बांटे। नवारो चार अंक लेकर उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।



ईरान के परहम मगसूदलू के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद डेविड एंटोन गुइजारोव 3.5 अंक के साथ अगले स्थान पर हैं। उनके बाद अरविंद, जर्मनी के विन्सेंट कीमर और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव का नंबर आता है। नीमन 1.5 अंकों के साथ गुकेश से ठीक ऊपर हैं। चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने नीदरलैंड के थॉमस बीर्डसेन के साथ ड्रॉ खेला, जबकि सूर्य शेखर गांगुली ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ अंक साझा किया।



लेबनान। बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह में बुधवार को इज़राइली हवाई हमलों के बाद उठता धुआं। इससे आसपास कोहराम मच गया।



ईरान। तेहरान में अमेरिकी-इजरायली मिलिट्री कैंपेन के दौरान लोगों के लिए मौलवी वॉलंटियर्स के एक ग्रुप के साथ प्रार्थना करते हुए।

4 दिन में भारतीय एयरलाइंस की 1117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द

# इजराइल-ईरान जंग, भारतीय विदेश मंत्रालय ने बनाया स्पेशल कंट्रोल रूम, जेद्दा से अहमदाबाद 200 यात्री आए

## श्रीलंका के पास ईरानी युद्धपोत पर पनडुब्बी से हमला, 32 लोग घायल

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज पांचवां दिन है। श्रीलंका के तट के पास एक ईरानी युद्धपोत पर पनडुब्बी से हमला हुआ है। श्रीलंका नेवी के मुताबिक जहाज से कई शव बरामद हुए हैं। हमले में 32 घायल हैं, जबकि कई लापता बताए जा रहे हैं।समुद्र में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नेवी प्रवक्ता के अनुसार घायलो को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। शुरुआत में नेवी ने बताया था कि हमले के बाद 101 लोग लापता और 78 घायल हुए हैं, लेकिन बाद में प्रवक्ता ने साफ किया कि पहले जारी किए गए आंकड़े सही नहीं थे।

■ समुद्र में सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/तेहरान

अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी जंग के बीच भारत के विदेश मंत्रालय ने स्पेशल कंट्रोल रूम बनाया है। इसमें भारतीय नागरिकों के लिए कई हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकार दी। इधर, जंग से बने विपरीत हालातों के चलते मिडिल ईस्ट के देशों से भारतीयों का लौटना जारी है।

मंगलवार देर रात जेद्दा, दुबई से कई भारतीय दिल्ली, अहमदाबाद, हैदराबाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड हुए। भारत आने पर लोगों ने कहा कि अपने देश वापस आकर अच्छा लग रहा है। ईरान ने जंग के कारण दुनिया का सबसे अहम होर्मुज रूट (समुद्र का रास्ता) बंद कर दिया है। इसके चलते भारतीय झंडे वाले 37 जहाज और उनमें सवार 1,109 भारतीय नाविक वर्तमान में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में फंसे हुए हैं। युद्ध के चलते पश्चिम एशिया के 8 देशों ने एयरस्पेस पूरी तरह बंद कर दिए हैं। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक भारतीय एयरलाइंस ने 1,117 इंटरनेशनल फ्लाइट्स रद्द की हैं। इससे हजारों यात्री एयरपोर्ट पर फंस गए हैं। खामेनेई की मौत के कुछ ही घंटों के अंदर, पाकिस्तान में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए। उन्होंने कराची में अमेरिकी कॉन्सुलेट पर धावा बोलने की कोशिश की और इस्लामाबाद में डिप्लोमैटिक इलाके के बाहर पुलिस से भिड़ गए। सिक्योरिटी फोर्स के साथ झड़प में कम से कम 34 लोग मारे गए। 120 से ज्यादा घायल हुए हैं।



## एअर इंडिया की यूएई व सऊदी की फ्लाइट 4 मार्च तक सस्पेंड

*एयर इंडिया ने भी यूएई, सऊदी अरब, इजराइल और कतर के लिए अपनी अधिकांश उड़ानों के निलंबन को 4 मार्च रात 11.59 बजे तक बढ़ा दिया है। एयरलाइन के मुताबिक, क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और यात्रियों व क्रू की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। हालांकि, एयर इंडिया की उत्तरी अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप जाने वाली उड़ानें तय समय के अनुसार चल रही हैं। ये सेवाएं मध्य पूर्व के उपलब्ध एयरस्पेस से वैकल्पिक रूट के जरिए संचालित की जा रही हैं। एयरलाइन ने प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक यात्रा व्यवस्था, पूरा रिफंड या मुफ्त रीशेड्यूलिंग की सुविधा देने की बात कही है और यात्रियों को अपनी उड़ान की स्थिति एयरलाइन की वेबसाइट या कस्टमर हेल्पलाइन से जांचने की सलाह दी है।*

## तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली एयरपोर्ट पर 31 उड़ानें रद्द

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को उड़ान संचालन प्रभावित रहा। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार कुल 31 उड़ानें रद्द की गईं। एयरपोर्ट द्वारा जारी ऑपरेशनल अपडेट के मुताबिक, रद्द की गई उड़ानों में 16 आने वाली (आगमन) और 15 जाने वाली (प्रस्थान) उड़ानें शामिल हैं। मौजूदा स्थिति को देखते हुए कई एयरलाइंस ने अपने शेड्यूल में बदलाव किए हैं। इस बीच, बुधवार को कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे भारतीय यात्रियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में हालात को लेकर घबराहट जैसी स्थिति नहीं है और सरकार की मदद से स्थिति नियंत्रण में है।

## ईरान का दावा- 2 दिन में 650 अमेरिकी सैनिक हताहत हुए

*ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसके जवाबी हमलों में पहले दो दिनों के अंदर करीब 650 अमेरिकी सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। यह जानकारी चीनी न्यूज एजेंसी शिनहुआ ने दी है। आईआरजीसी के प्रवक्ता के मुताबिक, ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के हेडक्वार्टर और सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से कई हमले किए। ईरान ने यह भी दावा किया कि उसके मिसाइल हमलों से एक अमेरिकी सैन्य जहाज को भारी नुकसान पहुंचा।*

## राजस्थान के युवक की ईरान के हमले में मौत, क्रूड ऑयल टैंकर पर गिरी थी मिसाइल, तीन दिन से शव ढूंढ़ रही एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान की वॉर में राजस्थान के एक युवक की मौत हो गई। नागौर जिले का रहने वाला युवक क्रूड ऑयल कंपनी के शिप पर जॉब करता था। जानकारी के अनुसार 1 मार्च की सुबह ओमान के एक पोर्ट पर ईरान की मिसाइल उनके जहाज पर गिरी थी। हादसे में शिप पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दलीप शिप के अगले हिस्से में पायलट आशीष कुमार के साथ थे। आशीष बिहार के रहने वाले थे, जिनका शव मिल गया है। वहीं, दिलीप के बॉडी अभी नहीं मिली है।


दलीप सिंह

### खासब पोर्ट पर खड़ा था शिप

हमले के समय जहाज खासब पोर्ट पर खड़ा था। कंपनी के अनुसार हमले के दौरान अधिकांश क्रू मेंबर्स को सुरक्षित निकाल लिया गया था, लेकिन कैप्टन आशीष समेत 2 अन्य लोग मिसिंग हो गए थे। हमले के तीन दिन बाद बुधवार सुबह कंपनी ने दो लोगों की मौत की पुष्टि की। इनमें नागौर के खींवताना के रहने वाले दलीप भी शामिल हैं। ये शिप स्काईलाइट कंपनी का था। शिप कंपनी और सुरक्षा एजेंसीज तीन दिन से उनकी बॉडी ढूंढ रही हैं। दलीप के भाई देवेंद्र सिंह ने बताया - दलीप सिंह पुत्र कानसिंह ने 22 जनवरी 2026 को मर्चेंट नेवी में ड्यूटी जॉइन की थी। वो ऑयल/केमिकल टैंकर में क्रू मेंबर थे।

## सेना ने नियंत्रण रेखा पर संदिग्ध आतंकवादियों पर गोलीबारी की

एजेंसी ⏭ राजौरी/जम्मू

भारतीय सेना ने मंगलवार तड़के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने की कोशिश कर रहे संदिग्ध आतंकवादियों पर गोलीबारी की। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों को तड़के करीब सवा चार बजे तुर्कंडी अग्रिम क्षेत्र से भारत की तरफ घुसपैठ करने की कोशिश करते देखा गया।

घुसपैठ करने की कोशिश करते देखा गया

### तलाश अभियान चलाया जा रहा



उन्होंने बताया कि नियंत्रण रेखा की रक्षा कर रहे सेना के जवानों ने घुसपैठ के प्रयास को विफल करने के लिए गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त बल भेजा गया है और एक व्यापक तलाश अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले 19-20 फरवरी को, सेना के जवानों ने राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर में आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी थी और उस दौरान कुछ हथियार व गोला-बारूद जब्त किए गए थे।

## तोरखम सीमा पर पाकिस्तानी सेना के अभियान में टीटीए कमांडर मारा

*पेशावर (भाषा)। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में तोरखम सीमा के पास पाकिस्तानी सेना ने एक अभियान में अफगान तालिबान के एक कमांडर को मार गिराया। पाकिस्तान के सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान अफगानिस्तान (टीटीए) के कमांडर की पहचान कहरमान के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार कहरमान और उसके सहयोगियों को मंगलवार देर रात उस समय मार गिराया गया, जब वे सीमा के पास पहुंचने का प्रयास कर रहे थे और सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक लिया। तोरखम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत और अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत के बीच एक प्रमुख सीमा चौकी है। अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने समूह पर तोपखाने से हमला किया, जिससे आतंकवादियों को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर मार गिराया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान में कहरमान के कई साथी भी मारे गए।*

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने समूह पर तोपखाने से हमला किया

## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का सीपीपीसीसी बैठक में स्वागत



ब्रीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को ग्रेट हॉल ऑफ़ द पीपल में चाइनीज़ पीपल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस (सीपीपीसीसी) के उद्घाटन को संबोधित किया। इस दौरान शी ने सीपीपीसीसी के उद्घाटन सत्र में, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के वरिष्ठ नेताओं ने प्रतिनिधियों का अभिवादन स्वीकार किया। यह कार्यक्रम देश की एकदलीय, सत्तावादी राजनीतिक व्यवस्था के तहत नीतिगत दिशा तय करने के लिए होता है। यह एक पारंपरिक दृष्य है जहां नेता तालियों का जवाब देते हैं।

लगातार बदला रहा मौसम

## राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस, वायु गुणवत्ता 'मध्यम' श्रेणी में रही

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बुधवार की सुबह हल्की गर्म रही जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक 15.7 डिग्री सेल्सियस रहा। स्टेशनवार आंकड़े के अनुसार, पालम में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड में 14.2 डिग्री सेल्सियस, रिज में 16.2 डिग्री सेल्सियस और आयानगर में 15.3 डिग्री सेल्सियस था।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिन के दौरान अधिकतम तापमान लगभग 33 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'मध्यम' श्रेणी में था।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है।

पांच मार्च को जन्मदिन पर ले रहे 5 संकल्प

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान चलाएंगे 'मामा कोचिंग' गरीब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री तैयारी कराएंगे

- *स्वागत में माला, गुलदस्ते-गिफ्ट की जगह पौधे*
- *विदिशा, रायसेन और भैरूंदा में पहला बैच जल्द शुरू होगा*

एजेंस ⏭ भोपाल



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा, रायसेन और सीहोर जिले के भैरूंदा में मामा कोचिंग शुरू करेंगे। जहां विदिशा संसदीय क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री कोचिंग मिलेगी। इसमें मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं शामिल हैं। दरअसल, शिवराज 5 मार्च को अपने 66वें जन्मदिन पर 5 संकल्प लेने जा रहे हैं। ये पर्यावरण, सेवा, सहायता, शिक्षा और प्रतिभा प्रोत्साहन से जुड़े हैं। शिक्षा से जुड़े प्रण के तहत मामा कोचिंग में कंपटीटिव एग्जाम की तैयारी कराई जाएगी। कोचिंग ऑनलाइन भी होगी ताकि जो छात्र सेंटर तक नहीं आ पा रहे हैं, वे अपने घर पर रहकर इसका फायदा ले सकें। विदिशा, रायसेन और भैरूंदा में 100-100 स्टूडेंट्स का पहला बैच जल्द शुरू होगा। इसके लिए 5 मार्च से फार्म भरे जाएंगे। शिवराज ने अपने दोनों मंत्रालयों- केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय में यह परंपरा शुरू करा दी है कि विभागीय कार्यक्रमों में गुलदस्ते, शॉल और मोमेंटो के बजाय पौधे भेंट करके स्वागत करें। वे सरकारी और बीजेपी के कार्यक्रमों में भी यही नवाचार शुरू करने की अपील करेंगे। पौधे लगाने वाले लोग क्यूआर कोड के जरिए अपनी फोटो पोर्टल पर अपलोड करके शिव वृक्ष मित्र बन सकेंगे।

### आठों विधानसभाओं में मोबाइल हॉस्पिटल चलाएंगे

*केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में मोबाइल हॉस्पिटल (चलित अस्पताल) भी शुरू करेंगे। इनमें हमेशा डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेगा, जो बीमार लोगों की जांच कर उपचार मुहैया कराएगा। मोबाइल हॉस्पिटल की व्यवस्था सांसद निधि से होगी जबकि इसे चलाने के लिए जनसहयोग लिया जाएगा।*

### टॉपर्स का सम्मान

*शिवराज अपने संसदीय क्षेत्र के दिव्यांगों को खोजकर उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देंगे। इसकी शुरुआत वे विदिशा से कर चुके हैं। इसके अलावा वे विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में 10वीं और 12वीं में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड आने वाले टॉप थ्री स्टूडेंट्स को सम्मानित करेंगे। इस प्रकल्प को उन्होंने प्रेम सुंदर प्रतिभा सम्मान नाम दिया है।*

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com